रोहतक
रविवार, 27 जुलाई, 2025
श्रावण मास शुक्ल पक्ष,
तृतीया वर्ष : 29, अंक : 177
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 37.5
न्यून. 24.8

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com










**सीईटी दोनों शिफ्टों का एग्जाम खत्म : परीक्षार्थी बोले सुबह के मुकाबले दूसरी शिफ्ट का पेपर आसान रहा**

**कई सेंटरों पर जुड़वां भाई-बहनों के 20 मामले आए ज्यादातर फतेहाबाद के, अलग-अलग शिफ्ट में पेपर**

**महिलाओं की चूड़ियां, पायल, घड़ी और धागे उतरवाए एचएसएससी चेयरमैन बोले- 90% ने एग्जाम दिया**

# पहले दिन 6.75 लाख ने दी परीक्षा, 5 डिटेन किए सोनीपत-पलवल में 2 महिला अभ्यर्थियों की मौत

**आज फिर परीक्षा: आयोग ने कहा, 4 शिफ्टों की परीक्षा पूरी होने से पहले किसी ने प्रश्न पत्रों का एनालिसिस किया तो कड़ी कार्रवाई**

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

प्रदेश में ग्रुप-सी की सरकारी नौकरियों के लिए कराए जा रहे कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) की दोनों शिफ्टों की परीक्षा पहले दिन शनिवार को खत्म हो गई। पहली शिफ्ट में 1338 परीक्षा केंद्रों पर 3,37,790, जबकि दूसरी शिफ्ट में 1336 केंद्रों पर 3,37,261 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। इस प्रकार कुल 2674 परीक्षा केंद्रों पर पहले दिन करीब 6.75 लाख अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। पहले दिन परीक्षा शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो गई। चरखी दादरी में 5 परीक्षार्थियों को डिटेन किया गया है। इनके नाम, माता-पिता के नाम और डेट ऑफ बर्थ एक जैसी होने के चलते पुलिस ने यह कार्रवाई की है। वहीं, सोनीपत और पलवल में एग्जाम देने आ रही 2 महिला परीक्षार्थियों की सड़क हादसे में मौत हो गई। उधर फतेहाबाद में कार की टक्कर से नेत्रहीन भाई के साथ परीक्षा देकर लौट रहे युवक की भी मौत हो गई। वहीं, सिरसा में 2 जुड़वा भाइयों को हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ की। इनमें से एक भाई एग्जाम दे चुका है, जबकि, दूसरे का रविवार को होना है।



झज्जर में परीक्षा केंद्र के बाहर लगी अभ्यर्थियों की लाइन।

### दादरी में एक जैसे नाम वाले अभ्यर्थी पकड़े

सुबह 10 बजे की शिफ्ट में दादरी के एक एग्जाम सेंटर पर 5 अभ्यर्थी ऐसे पहुंचे, जिनके नाम एक जैसे थे। इनके माता-पिता का नाम और डेट ऑफ बर्थ भी एक ही थी। जब इनकी जांच की तो पाया कि इन्हीं नाम वाले 5 अभ्यर्थी दूसरे जिले में भी एग्जाम दे रहे हैं। इन पांचों को एग्जाम की अनुमति दे दी गई, लेकिन एग्जाम होते ही इन्हें पुलिस को सौंप दिया गया। 5 अभ्यर्थियों को डिटेन करने के संबंध में दादरी के एसपी अर्श वर्मा ने बताया है कि पांचों परीक्षार्थी परीक्षा दे चुके हैं। इन्हें केवल पूछताछ के लिए लाया गया।

### जुड़वा अभ्यर्थियों ने कराई पुलिस की कसरत, हुआ कन्फ्यूजन



करनाल में 3 अभ्यर्थियों को बायोमेट्रिक और प्रमाण पत्रों की कमी पर रोक लिया गया। बायोमेट्रिक मैच न होने पर जहां एक युवक सेंटर से भाग गया, वहीं एक महिला अभ्यर्थी को जांच के बाद एग्जाम देने की अनुमति मिली। एक दिव्यांग को सर्टिफिकेट पुराना होने की वजह से रोका गया। हालांकि, आधा घंटे बाद दिव्यांग को परीक्षा के लिए बैठा दिया गया। सिरसा में 2 जुड़वा भाइयों को हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ की। इनमें से एक भाई आज एग्जाम दे चुका है। जबकि, दूसरे का बाकी है। एग्जाम में कोई गड़बड़ी न हो, इसके लिए पहले भाई के हाथ पर स्याही लगा दी गई है। ऐसे करीब 20 मामले सामने आए हैं। जींद में भी 5 संदिग्ध अभ्यर्थियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई है। इनमें 2 लड़के और 2 लड़कियां जुड़वा मिले हैं, जबकि एक अभ्यर्थी ने 2 बार आवेदन किया था। इन्हें वेरिफिकेशन के बाद छोड़ दिया गया।

### श्रेणी भरने को खोला जाएगा पोर्टल 15 दिन में परिणाम : हिम्मत सिंह

**सोनीपत।** एचएसएससी के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने सीईटी को लेकर नूंह, फरीदाबाद, सोनीपत और रोहतक के परीक्षा केंद्रों का दौरा किया। इस दौरान कुछ लोगों ने कहा, सोनीपत, रोहतक, झज्जर में परीक्षा केंद्र नहीं होना चाहिए, पिछली बार इन जिलों में गड़बड़ी हुई थी। इस पर उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश ही नहीं, बल्कि चंडीगढ़ में भी सीईटी लिया जा रहा है। कोई जिला संवेदनशील नहीं है। इस परीक्षा में 90 प्रतिशत अभ्यर्थी उपस्थित हुए हैं। उन्होंने कहा कि आंसर की चौथे सत्र के 2 दिन बाद जारी की जाएगी। परीक्षा के बाद हाईकोर्ट के निर्देशानुसार श्रेणी भरने के लिए पोर्टल खोला जाएगा। करीब 15 दिन में परीक्षा परिणाम जारी किया जा सकता है। चारों शिफ्ट के एग्जाम पूरे न होने तक कोई भी प्रश्न पत्रों का एनालिसिस न करे। अगर ऐसा किया तो उनके खिलाफ कार्रवाई होगी।



एचएसएससी चेयरमैन ने किया नूंह, फरीदाबाद, सोनीपत और रोहतक परीक्षा केंद्रों का दौरा

### फतेहाबाद में युवक की मौत गुरुग्राम में पुलिसकर्मी जख्मी

गुरुग्राम में परीक्षा के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था संभालने के लिए कॉन्स्टेबल रोहित और एचकेआरएन कर्मी कौशल एमजी रोड पर तैनात थे। तभी एक परीक्षार्थी की गाड़ी की टक्कर लगने से दोनों पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, फतेहाबाद में कार की टक्कर से नेत्रहीन भाई वीरेंद्र के साथ परीक्षा देकर लौट रहे युवक सुनील की मौत हो गई।

### महिला परीक्षार्थी की कार पलटने से मौत



सोनीपत में सीईटी देने आ रही महिला परीक्षार्थी अंजना की कार पलट गई। जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं, उसके पति प्रदीप, 10 महीने की बेटी याश्विन और देवर सिद्धार्थ बुरी तरह से घायल हो गए। ये परिवार रेवाड़ी में भाड़ावास गांव का रहने वाला था।

### पलवल में छात्रा को कैंटर ने कुचला

**पलवल।** पलवल में शनिवार को सीईटी देने जा रही छात्रा की सड़क हादसे में मौत हो गई। छात्रा अपने पिता के साथ शाम की शिफ्ट में परीक्षा देने के लिए फरीदाबाद से चली थी। दोनों पिता-पुत्री बाइक पर थे। पलवल में नेशनल हाईवे-19 पर उनकी बाइक को कैंटर ने टक्कर मार दी। इसमें पिता तो उछल कर दूर गिर गए, जबकि छात्रा को कैंटर ने कुचल दिया। मृतका की पहचान फरीदाबाद के अनखीर गांव निवासी 24 वर्षीय श्वेता के रूप में हुई। उसका सेंटर पलवल में लगा था। इसी वजह से वह अपने पिता महावीर के साथ बाइक से परीक्षा देने के लिए दोपहर में घर से निकली थी।



### नकल रोकने के लिए नोज पिन तक उतरवाई

एग्जाम में नकल रोकने के लिए जूते उतरवाकर चेकिंग की गई। रेवाड़ी, जींद समेत कई जिलों में एग्जाम सेंटर के बाहर महिलाएं चूड़ियां, पायल, घड़ी व धागे उतारती दिखीं। फरीदाबाद में युवती गूगल मैप से पैदल परीक्षा केंद्र पहुंची।



### बायोमेट्रिक को लेकर हंगामा

जींद के मोतीलाल स्कूल में बायोमेट्रिक मशीन को लेकर परीक्षार्थियों ने हंगामा किया। उनका आरोप था कि केंद्र पर केवल एक मशीन होने के कारण सुबह बायोमेट्रिक नहीं हो पाई और अब कहा जा रहा है कि उनकी बायोमेट्रिक घर पर ही होगी। इसको लेकर परीक्षार्थियों में असमंजस बनी रही।

## खबर संक्षेप

### एनसीईआरटी ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष मॉड्यूल विकसित कर रहा

**नई दिल्ली।** एनसीईआरटी छात्रों को भारत की रक्षा रणनीति और कूटनीतिक प्रतिक्रिया के बारे में जानने में मदद करने के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' पर एक विशेष कक्षा मॉड्यूल विकसित कर रहा है। इसके दो भाग होंगे - पहला कक्षा तीन से आठ तक के विद्यार्थियों के लिए तथा दूसरा कक्षा नौ से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए। भाषा

### आज शिक्षा सम्मेलन को संबोधित करेंगे भागवत

**कोच्चि।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास ने घोषणा की कि वह आज रविवार को कोच्चि में राष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन ज्ञान सभा आयोजित करेगा। कार्यक्रम को संघ प्रमुख मोहन भागवत संबोधित करेंगे। संगठन ने एक विज्ञप्ति में कहा कि सम्मेलन का औपचारिक उद्घाटन सोमवार को होगा। एजेंसी

### गैर-सब्सिडी वाले उत्पादों को सब्सिडी वाले उर्वरकों से जोड़ा तो कार्रवाई होगी

**नई दिल्ली।** सरकार ने उर्वरक विनिर्माताओं को चेतावनी दी है कि यूरिया और डीएपी जैसे सब्सिडी वाले मृदा पोषक तत्व बेचते समय किसानों को कीटनाशकों, नैनो-आधारित फसल पोषक तत्वों जैसे गैर-सब्सिडी वाले उत्पादों को जबरन बेचने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के तहत आने वाले उर्वरक विभाग ने 21 जुलाई को सभी उर्वरक कंपनियों को पत्र लिखा। भाषा

### मेटा ने सह-निर्माता को बनाया चीफ साइंटिस्ट

**नई दिल्ली।** फेसबुक व इंस्टाग्राम की पेरेंट कंपनी मेटा ने सेंगझिया झाओ को नए सुपर इंटेलिजेंस लैब का चीफ साइंटिस्ट नियुक्त किया है। झाओ जो चैटजीपीटी और जीपीटी-4 के सह-निर्माताओं में से एक हैं, अब मेटा के उन्नत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मिशन को नेतृत्व देंगे। मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग ने थ्रीडस पोस्ट में इस बात की घोषणा की। एजेंसी

*ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा कर कार के परखच्चे उड़े*

## हरिद्वार जा रहे करनाल के 3 श्रद्धालुओं की सहारनपुर में मौत

**करनाल/सहारनपुर(एजेंसी)।** करनाल के 3 श्रद्धालुओं की यूपी के सहारनपुर में हुए सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि 5 अन्य घायल हो गए। ये सभी लोग कांवड़ यात्रा में शिविर लगाने के बाद गंगा स्नान के लिए हरिद्वार जा रहे थे। सभी आठों श्रद्धालु ईको कार में सवार थे। सहारनपुर में पहुंचते ही उनकी कार सड़क किनारे खाद से भरी खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा टकराई। हादसा इतना जोरदार था कि 3 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सहारनपुर पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भर्ती कराया, जहां से एक को चंडीगढ़ हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। चार अन्य घायलों को करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भेज दिया गया। यूपी पुलिस ने तीनों मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस का कहना है कि तेज रफ्तार की वजह से यह हादसा हुआ।

**पांच घायल, सभी श्रद्धालु ईको में सवार थे**

### गांव कलवेहड़ी के रहने वाले थे

पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान करनाल के गांव कलवेहड़ी निवासी प्रवीन उर्फ रिंकू, पृथ्वी सिंह और मोती राम के रूप में हुई। ये तीनों टीम मेंबर अपने गांव में हर साल कांवड़ियों के लिए शिविर लगाते थे। शिवरात्रि पर शिविर लगाने के बाद सब हरिद्वार गंगा स्नान के लिए जाते थे। रिश्तेदार बहादुर सिंह के मुताबिक, शुक्रवार की रात 10 बजे सभी मेंबर इको गाड़ी में सवार होकर हरिद्वार के लिए गांव से निकले थे।

## राष्ट्र ने किया करगिल शहीदों को नमन



राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और रक्षामंत्री ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली(भाषा)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर देश के लिए प्राण न्योछावर करने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दीं। उन्होंने कहा, यह दिवस हमारे जवानों की असाधारण वीरता, साहस एवं दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं दी और कारगिल युद्ध में साहस और वीरता के साथ लड़ने वाले जवानों के बलिदान को याद किया। पीएम मोदी ने कहा कि जवानों द्वारा दिया गया बलिदान हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, 'कारगिल विजय दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पहुंचे और कारगिल युद्ध के दौरान कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वालों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ और तीनों सेनाओं के प्रमुख भी मौजूद रहे। (पेज 5 भी देखें)

*लोकसभा में बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मानित*

## 17 सांसदों को संसद रत्न 4 को स्पेशल जूरी अवॉर्ड

**नई दिल्ली।** लोकसभा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 17 सांसदों को संसद रत्न पुरस्कार 2025 के लिए चुना गया है। इनमें एनसीपी शरद गुट की सुप्रिया सुले, भाजपा के रवि किशन और निशिकांत दुबे और शिवसेना यूबीटी के अरविंद सावंत का नाम शामिल है। संसद रत्न बनने वाले सांसदों में सबसे ज्यादा 7 सांसद महाराष्ट्र से हैं। इनके अलावा 4 स्पेशल जूरी अवॉर्ड भी शामिल हैं। इनमें भाजपा के भर्तृहरि महताब, क्रांतिकारी समाजवादी पार्टी के एनके प्रेमचंद्रन, एनसीपी शरद गुट की सुप्रिया सुले और शिवसेना के श्रीरंग अप्पा बार्ने शामिल हैं।

### इन्हें संसद रत्न

भाजपा की स्मिता उदय वाघ, शिवसेना के नरेश म्हस्के, कांग्रेस की वर्षा गायकवाड़, भाजपा की मेधा कुलकर्णी, प्रवीण पटेल, विद्युत बरन महतो, दिलीप सैकिया और एनके प्रेमचंद्रन को 5वीं बार संसद रत्न अवॉर्ड मिला है।

### कमेटी कैटेगरी में ये

कमेटी कैटेगरी में, भर्तृहरि महताब की अध्यक्षता वाली वित्त संबंधी स्थायी समिति और डॉ. चरणजीत सिंह चन्नी (कांग्रेस) की अध्यक्षता वाली कृषि संबंधी स्थायी समिति को उनकी रिपोर्टों की गुणवत्ता और विधायी निगरानी में योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

*केंद्र सरकार का राज्यों को निर्देश*

## देश के सभी स्कूलों में सुरक्षा का ऑडिट करना अनिवार्य

**नई दिल्ली (भाषा)।** शिक्षा मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश जारी कर स्कूलों में बच्चों से जुड़ी संरचनाओं तथा सुरक्षा तंत्र का ऑडिट करना अनिवार्य कर दिया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। शिक्षा मंत्रालय ने स्कूलों से इमारतों की संरचनात्मक मजबूती सुनिश्चित करने को भी कहा है। यह कदम राजस्थान के झालावाड़ में शुक्रवार को एक सरकारी स्कूल की इमारत का एक हिस्सा गिरने के एक दिन बाद उठाया है। राजस्थान में स्कूल में हुए हादसे में सात बच्चों की मौत हो गई और 28 अन्य घायल हो गए थे।

### राजस्थान में हादसे के बाद सरकार अलर्ट

मंत्रालय के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को छात्रों की सुरक्षा और उनका कल्याण सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए। इसमें राष्ट्रीय सुरक्षा संहिताओं के अनुरूप स्कूलों बच्चों से संबंधित संरचनाओं का अनिवार्य सुरक्षा ऑडिट, आपातकालीन तैयारियों के लिए कर्मचारियों और छात्रों को प्रशिक्षण देना आदि शामिल है।' 'संरचनात्मक समग्रता, अग्नि सुरक्षा, निकास और बिजली के तारों का मूल्यांकन करें।

### अनिल अंबानी की कंपनियों में तीसरे दिन भी ईडी के छापे

**मुंबई (भाषा)।** मुंबई में रिलायंस समूह के अध्यक्ष अनिल अंबानी की कंपनियों के खिलाफ ईडी की छापेमारी की कार्रवाई शनिवार को तीसरे दिन भी जारी रही। एजेंसी ने कई स्थानों से बड़ी संख्या में दस्तावेज और कंप्यूटर उपकरण जब्त किए हैं। संघीय जांच एजेंसी ने 24 जुलाई को कथित तौर पर 3,000 करोड़ रुपये के बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले के तहत छापेमारी शुरू की थी। इसके अलावा कुछ कंपनियों द्वारा करोड़ों रुपये की वित्तीय अनियमितताओं के कई अन्य आरोप भी हैं।

**3,000 करोड़ के बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े मामले में कार्रवाई**

**दौरा** पीएम मोदी मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए, बोले

## मालदीव के साथ संबंधों की मजबूती और साझेदारी को गहरा करने को भारत उत्सुक

*मोदी ने उपराष्ट्रपति हुसैन मोहम्मद लतीफ के साथ ट्रेड-एनर्जी पर बात की*

**माले (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन का मालदीव दौरा खत्म करके भारत पहुंच गए। वे शनिवार को मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान भारत और मालदीव के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 60 साल पूरे होने का जश्न भी मनाया गया। मोदी ने मालदीव के प्रमुख नेताओं से मुलाकात के दौरान कहा कि भारत मालदीव के साथ अपनी साझेदारी को और गहरा करने के लिए उत्सुक है। मोदी ने इससे पहले उपराष्ट्रपति हुसैन मोहम्मद लतीफ, स्पीकर अब्दुल रहीम अब्दुल्ला और पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद से भी मुलाकात की। इसमें ट्रेड, एनर्जी, क्लाइमेट चेंज, इन्फ्रास्ट्रक्चर और तकनीक पर बात की। इसके अलावा उन्होंने मालदीव की विपक्षी पार्टियों के नेताओं से मुलाकात कर दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की। 1887 से लेकर 1965 तक मालदीव की विदेश नीति और रक्षा ब्रिटिश कंट्रोल में थी। 26 जुलाई 1965 को उसे पूर्ण स्वतंत्रता मिली थी।



### मिलकर काम करेंगे

मोदी ने 'एक्स' लिखा, 'हमारे देश बुनियादी ढांचे, प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा आदि जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम कर रहे हैं। यह हमारे देशों के लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी है। हम आगामी वर्षों में इस साझेदारी को और गहरा करने के लिए उत्सुक हैं।' प्रधानमंत्री ने मालदीव के स्वतंत्रता दिवस की 60वीं वर्षगांठ पर शुभकामनाएं दीं।

### पीएम मोदी से मुलाकात सम्मान की बात: लतीफ

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'दोनों पक्षों ने गहरे और विशेष संबंधों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उपराष्ट्रपति लतीफ ने जरूरत के समय मालदीव को भारत की निरंतर सहायता के लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया।' लतीफ ने कहा कि भारतीय प्रधानमंत्री से मुलाकात करना सम्मान की बात है। वहीं जायसवाल ने कहा, प्रधानमंत्री ने भारत और मालदीव के लोगों के बीच मजबूत और जीवंत संबंध को बनाने में प्रवासी समुदाय के योगदान की सराहना की। (पेज 8 भी देखें)

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने सीईटी देने वाले युवाओं को दी बधाई

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा प्रदेश भर में आयोजित करवाई जा रही संयुक्त पात्रता परीक्षा (सीईटी) देने वाले अभ्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा कि जिस उद्देश्य से वे परीक्षा में भाग ले रहे है वे उसमें सफलता हासिल करें और वे सभी परीक्षार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। मुख्यमंत्री चंडीगढ़ स्थित आवास संत कबीर कुटीर में जनसुनवाई के उपरांत मीडिया से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि परीक्षा संचालन के कार्य में लगे, सभी अधिकारियों व कर्मचारी, चाहे वे परिवहन विभाग हो या फिर जिला प्रशासन व पुलिस विभाग के हों, वे सभी बधाई के पात्र हैं। परीक्षा का संचालन सुचारू रूप से किया जा रहा है।

### आरटीई पर सीबीआई जांच पर पंजाब से जवाब तलब

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने पंजाब सरकार को नोटिस जारी कर एक जनहित याचिका पर जवाब तलब किया है। इस याचिका में पंजाब आरटीई नियमों के नियम 7(4) की सीबीआई जांच की मांग की है। आरोप है कि इस नियम के कारण निजी स्कूलों को बच्चों के लिए अनिवार्य 25% आरक्षित सीट (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) देने से बचने का रास्ता मिला है। याचिका केएस राजू लीगल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. जगमोहन सिंह राजू (रिटायर्ड आईएएस), द्वारा दायर की गई है। याचिका में कहा गया है कि नियम 7(4) असंवैधानिक और भ्रष्ट है तथा इसे जानबूझकर इस तरह बनाया गया कि निजी स्कूलों के आर्थिक हित सुरक्षित रहें और हजारों गरीब बच्चों को मुफ्त शिक्षा का कानूनी अधिकार न मिल पाए। चीफ जस्टिस शील नागू और जस्टिस संजीव बेरी की बेंच ने पंजाब सरकार को 22 सितंबर 2025 तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

### बच्ची के अपहरण का प्रयास, लोगों में रोष

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड थाना क्षेत्र में स्थित श्रीहोम सोसायटी के आठवीं मंजिल पर खेल रही बच्ची का एक महिला ने अपहरण का प्रयास किया। महिला ने बच्ची को अपने साथ ले जाने के लिए चाकलेट देने का लालच दिया। लेकिन बच्ची महिला से डर गई और अपने फ्लैट में जाकर दरवाजा लाक कर दिया। इस घटना के दौरान बच्ची के अभिभावक घर पर नहीं थे। बच्ची के परिजन ने मामले की शिकायत सूरजकुंड थाना में दी है। वहीं सोसायटी के लोगों ने सुरक्षा व्यवस्था पर रोष जताते हुए शनिवार को बिल्डर ऑफिस के सामने प्रदर्शन किया। सेक्टर-45 श्री होम सोसायटी की आठवीं मंजिल पर रहने वाले आशीष मिश्रा ने बताया कि वह गुरुग्राम में जाब करते हैं। उनकी पत्नी भी जाब करती है। वहीं उनकी बच्ची काव्य मिश्रा तीसरी कक्षा में पढ़ती है। घटना से लोगों में रोष है।

---

#### छोटी टोली की बैठक में सरकार व संगठन के समन्वय से सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर चर्चा

# विकास को रफ्तार देने की तैयारी, मुख्यमंत्री हर जिले में करेंगे प्रवास, लोगों की शिकायतें सुनेंगे

**बैठक में मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष सहित संगठन के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



भाजपा की छोटी टोली की बैठक शनिवार को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री आवास पर हुई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, कैबिनेट मंत्री एवं प्रदेश महामंत्री कृष्ण बेदी, प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता और सुरेंद्र पूनिया बैठक में मौजूद रहे। छोटी टोली की इस बैठक में सरकार और संगठन के समन्वय से नॉनस्टॉप सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की योजना, रचना व संगठन को और अधिक सशक्त बनाने जैसे अहम मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। छोटी टोली की बैठक के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश के हर जिला में प्रवास करेंगे और लोगों की शिकायतें सुनेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी प्रवास के दौरान कार्यकर्ताओं और सामाजिक संगठनों के लोगों से भी मिलेंगे तथा जिला व प्रदेश के विकास को लेकर चर्चा करेंगे। प्रदेश में हो रही सीईटी की परीक्षा को लेकर मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि हरियाणा में लगभग 13.5 लाख परीक्षार्थी सीईटी की परीक्षा दे रहे हैं। हरियाणा की नायब सरकार ने सीईटी की परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों के लिए पूरी तैयारी के साथ अच्छी व्यवस्था की है।

■ बैठक में सीईटी के लिए किए प्रबंधों पर सरकार को सराहा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा में पहली बार परीक्षार्थियों को परीक्षा सेंटर तक ले जाने और घर तक छोड़ने की शानदार व्यवस्था नायब सरकार ने की है। बड़ौली ने कहा कि किसी भी परीक्षार्थी को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े उसके लिए सभी तैयारियां सरकार और प्रशासन द्वारा की गई है और परीक्षा अच्छे माहौल में हो रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता सेवा ही संगठन के मूलमंत्र पर परीक्षार्थियों के ठहरने और खान-पान की व्यवस्था कर रहे हैं जो बधाई के पात्र हैं। उन्होंने सीईटी की परीक्षा को लेकर किए गए अच्छे प्रबंध को लेकर प्रशासन और कार्यकर्ताओं का आभार जताया। बैठक में अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

#### संगठन के कार्यक्रमों पर चर्चा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि छोटी टोली की बैठक हर महीने होती है। इस बैठक में संगठन द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा होती है साथ ही आगामी कार्यक्रमों की योजना रचना बनाई जाती है। बड़ौली ने भाजपा कार्यकर्ताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमारे कार्यकर्ता पात्र लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने का कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में विकास के कार्य हो रहे हैं। सरकार की सभी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंच रहा है।

---

## अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी को लेकर किया मंथन



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सैनी ने कहा है कि सोनीपत के गन्नौर में विकसित की जा रही अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी राज्य की एक अति-महत्वपूर्ण एवं प्रतिष्ठित परियोजना है, जिसका संचालन शीघ्रातिशीघ्र सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी के संचालन में कोई भी प्रशासनिक या तकनीकी बाधा न आने दी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं इस परियोजना की प्रगति रिपोर्ट समय-समय पर लेते रहे हैं और हमारा प्रयास रहेगा कि इस मंडी का उद्घाटन स्वयं प्रधानमंत्री के कर कमलों से कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी संचालन की प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से अमलीजामा पहनाने के लिए एक विशेष नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाए, जो राज्य सरकार, केंद्र सरकार एवं संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना से जुड़े परामर्शदाता को निर्देश दिए जाएं कि मंडी के स्वरूप, संभावनाओं और सुविधाओं की जानकारी न केवल हरियाणा बल्कि अन्य राज्यों एवं देशों तक भी पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली की आजादपुर मंडी के व्यापारियों के साथ-साथ हिमाचल व जम्मू-कश्मीर के किसानों को फायदा होगा।

#### 544 एकड़ भूमि में विकसित की जा रही

बैठक में जानकारी दी गई कि यह अत्याधुनिक मंडी 544 एकड़ भूमि में विकसित की जा रही है, जिसमें से 350 एकड़ क्षेत्र में कुल 17 आधुनिक शेड बनाए जाएंगे। इसके साथ ही वर्टिकल मार्केटिंग की भी व्यवस्था होगी। मंडी में 5,500 ट्रकों एवं लगभग 15,000 कारों के लिए पार्किंग सुविधा प्रस्तावित है।बैठक में यह भी बताया गया कि 2,595 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली इस परियोजना की टेंडर प्रक्रिया को तकनीकी समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है।मुख्यमंत्री ने 'व्यापार संचालन योजना' के तहत टेंडर को भी स्वीकृति दी, जिसके अंतर्गत केवल उन्हीं इच्छुक निवेशकों को पात्र माना जाएगा, जिनके पास बागवानी क्षेत्र में न्यूनतम 100 एकड़ में कार्य का अनुभव हो तथा जिनका वार्षिक कारोबार कम से कम 100 करोड़ का हो।

---

## मेरा इस्तीफा लेकर फिर से चुनाव करवा लो कांडा का वहम निकल जाएगा : अर्जुन



**चंडीगढ़।** गोपाल कांडा द्वारा रानियां विधानसभा से इनेलो की जीत में उनके और पूर्व सीएम मनोहर लाल के सहयोग पर अर्जुन चौटाला ने पलटवार करते हुए कहा कि कांडा वहम न पालें कि उनकी बदौलत चुनाव जीता है। अर्जुन ने कहा कि मेरा इस्तीफा ले लो और फिर से चुनाव करवा लो, इनका वहम निकल जाएगा। इतना दम गोपाल कांडा में होता तो सिरसा से खुद का चुनाव न हारते। गोपाल कांडा एक बिजनेसमैन है और वह सिर्फ परिस्थितियों का फायदा उठाते है। 2005 तक कांडा इनेलो के साथ थे फिर कांग्रेस की सरकार आई तो हुड्डा के साथ चले गए उसके बाद भाजपा की सरकार आई तो बीजेपी के साथ खुद का राजनीतिक लाभ लेने के चले गए। चौटाला ने एक अन्य सर्वमित्र यूट्यूबर कहा कि वे अच्छे पत्रकार हैं। सर्वमित्र के ससुराल वालों ने भी मुझे वोट दिए हैं।

अभय चौटाला को धमकी वाले मामले पर अर्जुन ने कहा कि अभी तक इस पूरे मामले पर पुलिस की तरफ से कोई रिस्पांस नहीं आया। आज कानून व्यवस्था को बहुत बुरी हालत है। सरकार को सत्ता में लाने वाले लोगों की रक्षा सरकार नहीं कर पा रही है। पहले हरियाणा के लोग कहते थे कि रात के समय उत्तर प्रदेश न जाएं। अब उत्तर प्रदेश के लोग कहते है कि रात के समय हरियाणा न जाएं।

## फायरिंग, हत्या व फिरौती की वारदातों से प्रदेश में भय व आतंक का माहौल : दीपेंद्र



**चंडीगढ़।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने हरियाणा की ध्वस्त कानून-व्यवस्था पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि हरियाणा में अपराधी बेखौफ और सरकार बेबस है। दनादन हो रही फायरिंग, हत्या, फिरौती की वारदातों से पूरे प्रदेश में भय और आतंक का माहौल है। हरियाणा अपराधियों की शरणस्थली बन चुका है। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि अपराध रोक पाने में सरकार लाचार है या उसका अपराधियों को खुला संरक्षण मिल रहा है। क्योंकि, अपराधियों के हौसले इस कदर बढ़े हुए हैं कि जींद में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष के बेटे और प्राइवेट अस्पताल संचालक डॉक्टर समेत तीन डॉक्टरों पर जानलेवा हमला हुआ, जिसमें बीजेपी नेता के डॉक्टर पुत्र की मौत हो गई है और दो अन्य डॉक्टर गंभीर रूप से घायल हैं। अकेले जींद में पिछले डेढ़ महीने में हत्या की 17 वारदात हो चुकी है। पूरे प्रदेश में गुंडागर्दी का ये आलम है कि बदमाशों की धमकी से डरकर 12 जिलों में 300 शराब ठेकों की नीलामी के लिए कोई ठेकेदार ही नहीं आया। उन्होंने आगे कहा कि इसी साल फरवरी में 7 राज्यों के डीजीपी की एक बैठक में हरियाणा एसटीएफने खुलासा किया था कि राज्य में 80 से अधिक संगठित आपराधिक गिरोह सक्रिय हैं, जिनमें कई के विदेशी संपर्कों की बात सामने आई है।

## अंबाला में राज्यस्तरीय तीज महोत्सव कल, मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि

**चंडीगढ़।** प्रदेश में पारंपरिक उल्लास और सांस्कृतिक उत्साह के साथ 28 जुलाई, सोमवार को तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। रंग-बिरंगे झूले, लोकगीत और पारंपरिक पकवान इस पर्व की रौनक बढ़ाएंगे। महिलाएं विशेष रूप से इस त्योहार को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाती हैं। राज्य स्तरीय मुख्य समारोह अंबाला में आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री अनिल विज व महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी भी उपस्थित रहेंगी।

#### अन्य जिलों में भी पर्व पर होंगे कार्यक्रम, मंत्री करेंगे शिरकत

इसी दिन हर जिले में तीज महोत्सव के आयोजन होंगे, जिनमें राज्य के कैबिनेट मंत्री स्थानीय स्तर पर मौजूद रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार सिरसा में आयोजित समारोह में शामिल होंगे, जबकि उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह रेवाड़ी में, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा फतेहाबाद में, राजस्व मंत्री विपुल गोयल झज्जर में, सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा सोनीपत में और जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा हिसार में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

---

## जेल में मोबाइल मिला तो जिम्मेदार अफसरों की खैर नहीं : डीजी

**चंडीगढ़।** हरियाणा डीजी जेल आलोक राय ने विभाग की कमान संभालने के बाद में शनिवार को पहली बैठक ली। इस दौरान उन्होंने साफ कर दिया है कि जेलों में बंद गैंगस्टर व नामी गिरामी बदमाशों पर पैनी नजर रखें साथ ही जेल में रहते वक्त किसी भी तरह की गतिविधियों में कहीं वे लिप्त तो नहीं यह भी ध्यान रखना होगा। इस क्रम में 27 गैंगस्टरों को एक जेल से दूसरी जेल में शिफ्ट कर दिया गया है। राय ने कहा कि किसी भी सूरत में जेलों के अंदर सिंडिकेट पनपने नहीं दिया



#### जेल में बंद गैंगस्टरों पर कड़ी नजर रखें : राय

शनिवार को पंचकूला मुख्यालय पर बैठक के दौरान आलोक राय ने कहा कि जेलों की सुरक्षा और प्रशासनिक कार्यों को लेकर आने वाले समय में भी वे बैठक लेंगे और उसके बाद में कुछ बदलाव करेंगे। उन्होंने साफ कर दिया है कि दस दिनों के अंदर अंदर जेलों की व्यवस्था में कोई कमी पेशी है, तो उसको दूर कर लें, उसके बाद में विजिट के दौरान कोई कमी पाई गई, तो लापरवाही करने वालों के विरुद्ध एक्शन लेंगे। जेल में बंद गैंगस्टरों को लेकर भी बारीकी से मॉनिटरिंग और पैनी नजर रखने को कहा गया है। उन्होंने जिला पुलिस प्रशासन से बेहतर समन्वय बनाकर रखने और जेल के बाहर भी नजर रखनी होगी ताकि आसपास कोई आपराधिक किस्म के लोग अथवा नशा बेचने वाले सक्रिय नहीं हो। उन्होंने इस बात पर संतोष जताया कि 27 गैंगस्टरों को एक जेल से दूसरे में शिफ्ट किया गया है।

## छात्र संघ चुनाव को लेकर राजस्थान के राज्यपाल से मिले दिग्विजय चौटाला



**चंडीगढ़।** 'युवा जोड़ो अभियान' के तहत जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने राजस्थानी युवाओं से जुड़ेमामले को उठाया है। शनिवार को दिग्विजय ने जयपुर में राजस्थान के महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे से मुलाकात की और राजस्थान में प्रत्यक्ष रूप से छात्रसंघ चुनावों की बहाली को लेकर ज्ञापन पत्र राज्यपाल को सौंपा। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि राजस्थान में दो वर्षों से छात्रसंघ चुनावों पर लगी रोक युवाओं के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है, इसलिए युवाओं के हित में चुनाव की बहाली बेहद जरूरी है।

---

#### करनाल नगर निगम को राष्ट्रपति पुरस्कार मिलने पर आयोजित सम्मान समारोह में बोले केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल

# स्वच्छता रैंकिंग में टॉप शहर अब गोद लेंगे पिछड़े शहरों को, गांव-गांव तक पहुंचेगा स्वच्छता मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

शनिवार को आयोजित एक भव्य समारोह में केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि अब देशभर की स्वच्छता रैंकिंग में अव्वल स्थान पाने वाले शहरों को सबसे कम रैंकिंग वाले शहरों को गोद लेना होगा, ताकि पूरे देश में स्वच्छता का स्तर एक समान बढ़ाया जा सके। इस पहल से निचले रैंकिंग वाले शहरों को भी साफ-सफाई के उपायों में मार्गदर्शन मिलेगा और नागरिकों में जागरूकता बढ़ेगी। यह समारोह कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज सभागार में आयोजित किया गया, जिसे करनाल नगर निगम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण-2024-25 में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। समारोह में नगर निगम के सफाई मित्रों, अधिकारियों और निगम के सहयोगी संगठनों को विशेष सम्मान दिया गया।

■ केंद्रीय मंत्री ने सफाई मित्रों को किया सम्मानित



#### गांवों में भी शुरू होगी स्वच्छता की रैंकिंग प्रतियोगिता

अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने यह भी घोषणा की कि अब जैसे शहरों में स्वच्छता की रैंकिंग प्रतियोगिता होती है, उसी तर्ज पर हरियाणा के गांवों में भी स्वच्छता प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में दिशा कमेटी की बैठक में जिला प्रशासन को दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में भी साफ-सफाई की आदतें विकसित होंगी और समग्र स्वच्छ भारत अभियान को बल मिलेगा।मनोहर लाल ने नगर निगम की प्रशंसा करते हुए कहा कि करनाल ने यह सम्मान मेहनत, पारदर्शिता और जनसहभागिता के बल पर प्राप्त किया है। उन्होंने यह भी आह्वान किया कि सफाई मित्र अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें, क्योंकि अब योग्यता के आधार पर बिना पर्ची और बिना खर्ची के सरकारी नौकरियां मिल रही हैं। उन्होंने ने कहा अब वह जमाना चला गया, जब सिफारिश और धन के बल पर नौकरियां मिलती थीं। आज गरीब का बच्चा भी यदि मेहनत करे, तो ऑफिसर बन सकता है। हमने व्यवस्था बदली है। अब योग्यता पर नौकरियां मिल रही है।

#### सुर्खियों में बने रहने के लिए राहुल गांधी करते रहते है बयानबाजी

करनाल। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खने करनाल में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत में तीन प्रमुख मुद्दों पर खुलकर अपनी राय रखी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हालिया बयान से लेकर राज्य में बढ़ते अपराधों और विकास बराला की एडिशनल एडवोकेट जनरल (एजी) के रूप में नियुक्ति तक, केंद्रीय मंत्री ने हर विषय पर बेबाकी से जवाब दिया। राहुल गांधी द्वारा दिए गए उस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए, जिसमें उन्होंने कहा था कि मैं मोदी जी से मिला हूं, लेकिन उनसे कुछ भी नहीं मिला, सिर्फ शो-शो है, मनोहर लाल ने पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी को अखबारों की सुर्खियों में बने रहने के लिए समय-समय पर कुछ न कुछ बोलते रहना पड़ता है। उनके बयान अब गंभीरता से लेने लायक नहीं रहे। वे चाहे कुछ भी कहें, उसका कोई असर नहीं होता। राज्य में बढ़ते अपराधों को लेकर उन्होंने ने कहा कि यदि पिछले दस वर्षों के आंकड़े उठाकर देखें तो अपराध में कोई उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हुई है।

---

# श्रमिकों व उद्योगपतियों को सौगात देने की तैयारी में सरकार, मंथन में जुटे मंत्री विज

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

प्रदेश में उद्योग लगाकर रोजगार देने वाली संस्थानों और इसमें काम करने वाले पंजीकृत श्रमिकों के कल्याण के लिए राज्य सरकार आने वाले दिनों में सौगात की तैयारी में है। राज्य सरकार का श्रम विभाग केंद्र से मिल रही गाइडलाइन के मुताबिक श्रम करने वाले श्रमिक और रोजगार देने वाले दोनों को ही आर्थिक मदद करने की तैयारी में है। प्रदेश के श्रम मंत्री अनिल विज चाहते हैं कि असल में पात्र लोगों को ही इसका फायदा हो, फर्जीवाड़ा कर योजनाओं के नाम पर रकम हड़पने वालों को लेकर मंत्री ने पहले ही सख्त तेवर दिखा दिए हैं।प्रदेश के श्रम मंत्री अनिल विज श्रम विभाग के एसीएस (अतिरिक्त मुख्य सचिव) और उनके मातहत अफसरों के साथ में स्कीम को लेकर विचार विमर्श कर चुके हैं। विज ने साफ कर दिया है कि सही तरीके से स्कीम का क्रियान्वयन होना चाहिए, ताकि असल में रोजगार देने वाले संस्थानों और श्रमिक दोनों को लाभ मिल सके। विज श्रमिकों के फर्जी पंजीकरण के नाम पर फायदा उठाने और गोलमाल करने वालों पर पहले ही शिकंजा कसने और कार्रवाई का आदेश दिया है। मंत्री विज को अफसरों ने बताया कि पंजीकरण वाले श्रमिकों और मालिकों को स्कीम के तहत एक निश्चित राशि प्रोत्साहन के तौर पर दी जाएगी।

#### श्रमिकों के पंजीकरण मामले की चल रही जांच



श्रम मंत्री विज के आदेशों पर प्रदेश के अंदर काम करने वाले भवन और अन्य सन्निर्माण के कार्य से जुडे श्रमिकों का ताकि ठीक तरह से कल्याण हो इस दिशा में कईं कदम उठाए गए हैं। विभिन्न योजनाओं के संचालन में अनियमितता और घोटाले की शिकायत के बाद में मंत्री ने हर जिले में पंजीकृत श्रमिकों की कार्य रसीद का भौतिक सत्यापन और पड़ताल के आदेश भी दिए हैं। जिस क्रम में कामकाज की शुरुआत भी हो गई है। इस बारे में विज ने पहले ही जिला उपायुक्तों को लिखित निर्देश जारी किए थे कि श्रमिक वर्क-स्लिप की जांच तीन सदस्यीय समिति का गठन कर कराना सुनिश्चित करें। इसमें एक श्रम प्रतिनिधि और दो अन्य राजपत्रित नामित स्वतंत्र सदस्य होगें। यहां पर बता दें कि इस क्रम में 6 जिलों (हिसार, कैथल, जीन्द, सिरसा, फरीदाबाद और भिवानी) की 03 मास (01 नवंबर 2024 से 31 जनवरी 2025) के दौरान रसीदों की जांच के दौरान कई अनियमितता मिली थी।

#### किसी विशेष पार्टी के लोगों का फर्जी पंजीकरण

खास बात यह है कि प्रदेश के अंदर एक इस तरह का नेटवर्क भी काम कर रहा है, जो पार्टी विशेष का नाम लेकर दबाव बनाता है, साथ ही पंजीकरण किया जाता है। लोग फर्जी तौर पर पंजीकृत हुए हैं और वे सरकार से लाभ उठा रहे हैं, हालांकि वे इसके हकदार नहीं है और सरकार को चूना लगाने का कार्य किया जा रहा है। वहीं भवन निर्माण में लगे श्रमिकों को विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं को लाभ प्रदान किया जाता है जिनमें मातृत्व लाभ 36 हजार, पितृव लाभ 21 हजार, पंजीकृत कामगार के बच्चों की शिक्षा हेतु दिए जाने वाले लाभों के अंतर्गत बच्चों की पहली कक्षा से उच्च शिक्षा तक की वार्षिक वित्तीय सहायता 8000 से लेकर 20 हजार तक तक, पंजीकृत कामगारों के मेधावी बच्चों के 10वीं/12वी की परीक्षा में 60 प्रतिशत से 90 प्रतिशत अंक प्राप्ति पर 21 हजार रुपये से 51 हजार रूपए छात्रवृत्ति, वास्तविक सरकारी खर्च के अनुसार कामगार के बच्चों को प्रोफेशनल व टेक्निकल कोर्स हेतु पूर्ण शैक्षणिक व्यय की प्रतिपूर्ति, कामगार के बच्चों को व्यवसायिक संस्थानों में हॉस्टल सुविधा हेतु 1 लाख 20 हजार रुपये तक सहायता राशि, पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों के कोर्स की कोचिंग हेतु 20 हजार से एक लाख रुपये तक सहायता राशि, पंजीकृत निर्माण कर्मकार की पुत्री के लिए इलेक्ट्रिक स्कूटर खरीद के लिए 50 हजार रुपये की प्रोत्साहन के रूप में दी जाती है।

# रजिया सुल्तान का मकबरा: बदहाल, सरकार ने नहीं दिया ध्यान, लेकिन परीक्षा में बनाया प्रश्न


## परीक्षा में दिया सवाल, हरियाणा का कैथल शहर ऐतिहासिक रूप से किस प्रसिद्ध महिला योद्धा से रखता है संबंध

नरेश पंवार ▶▶| कैथल

सीईटी की परीक्षा के पहले दिन शनिवार को पहली शिफ्ट के प्रश्न पत्र में रजिया सुल्ताना से संबंधित प्रश्न आया। यह प्रसिद्ध महिला मुसलिम योद्धा के संबंध में था। परीक्षा में प्रश्न दिया गया कि हरियाणा का कैथल शहर ऐतिहासिक रूप से किस प्रसिद्ध महिला योद्धा से संबंध रखता है। इसमें चार महिला योद्धाओं के नाम आए, इसमें पहले नंबर पर रजिया सुल्ताना का नाम था। दरअसल, कैथल में इस समय रजिया सुल्ताना का मकबरा लगभग लुप्त हो चुका है। सरकार की ओर से हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से आयोजित परीक्षा में प्रश्न तो दे दिया गया, लेकिन इस पर पिछले लंबे समय से सरकार की ओर से



कैथल। रजिया सुल्तान का मकबरा अब खंडहर की हालत में।



ically 41. हरियाणा का कैथल शहर ऐतिहासिक रूप से किस प्रसिद्ध महिला योद्धा से संबंधित है ?
(A) रज़िया सुल्तान
(B) रानी अवंतीबाई
(C) रानी लक्ष्मी बाई
(D) बेगम हज़रत महल
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

सीइटी में दिया गया प्रश्न। फोटो: हरिभूमि

कोई ध्यान नहीं दिया गया है, लेकिन परीक्षा में प्रश्न बनाया गया। इसमें सवाल था हरियाणा का कैथल शहर ऐतिहासिक रूप से किस प्रसिद्ध महिला योद्धा से संबंधित है। इसमें रजिया सुल्तान, रानी लक्ष्मीबाई, बेगम हजरत महल, रानी अवंतीबाई महिला योद्धा का नाम था। बता दें कि रजिया सुल्तान का मकबरा कैथल के मानस रोड पर स्थित है। अब यह बदहाल स्थिति में है। खेतों में छोटा सा टीला और उसके चारों तरफ झाड़ियां खड़ी है। इस टीले के पास आने-जाने के लिए भी रास्ता नहीं है। शहर वासी इस ऐतिहासिक धरोहर के जीर्णोद्धार की मांग कई बार उठा चुके हैं, लेकिन आज तक भी पुरातत्व विभाग व जिला प्रशासन ने इस तरफ ध्यान नहीं दिया है।

### बदहाली का आलम झाड़ियों में घिरा

अब रजिया बेगम का मकबरा जीर्ण-शीर्ण अवस्था में झाड़ियों में घिरा दिखाई देता है। इतिहासकारों के अनुसार इसके सामने कुछ दूरी पर एक ओर ढांचा है, जहां पर मकबरे पर आने वाले लोग इबादत करने के साथ शायद आराम करते होंगे। करीब आठ साल पहले जिला प्रशासन की तरफ से छह लाख रुपये की राशि से रजिया बेगम उद्यान को विकसित किया जाना था, लेकिन उस समय यह योजना सिरे नहीं चढ़ पाई। अब यह प्राचीन धरोहर बदहाली के कगार पर है।

### मकबरे का ये है प्राचीन इतिहास

इतिहासकार कमलेश शर्मा ने बताया कि रजिया सुल्तान हिंदुस्तान की पहली मुस्लिम शासक थी। इतिहास में मिले उल्लेखों के अुनसार, रजिया बेगम के पति और उस वक्त बठिंडा के गवर्नर अल्तुनिया ने सेना का गठन करके दिल्ली की ओर आक्रमण के लिए कूच किया था और दुर्भाग्य से उसे शिकस्त हुई थी। कैथल में ही रजिया सुल्तान और दिल्ली के शासक बेहराम शाह की सेनाओं के बीच युद्ध हुआ था। 13 नवंबर 1240 ई. को रजिया सुल्तान व उनके पति अल्तुनिया को उसकी ही सेना ने बगावत करके इसी स्थान पर मौत के घाट उतार दिया था। इसके बाद रजिया को इसी स्थान पर दफना दिया गया था।

## खबर संक्षेप

### गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार दंपति की मौत

**जींद।** गांव नगूरां के निकट तेजरफ्तार टाटा एस गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार दंपत्ति की मौत हो गई। घटना को अंजाम देकर चालक गाड़ी को मौके पर छोड़ कर फरार हो गया। गांव शामदो निवासी विक्रम (30) अपनी पत्नी ज्योति (28) को बाइक पर लेकर गांव नगूरां से घर लौट रहा था। गांव नगूरां के निकट सामने से आ रही तेज रफ्तार टाटा एस गाड़ी ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। चालक गाड़ी को मौके पर छोड़ कर फरार हो गया। राहगीरों ने दोनों को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने विक्रम को मृत घोषित कर दिया। जबकि ज्योति की गंभीर हालात देख पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान ज्योति ने भी दम तोड़ दिया।

### झाड़ियों में युवक का शव मिलने पर मची सनसनी

**गुरुग्राम।** फर्रुखनगर एरिया के केएमपी पर झुंडसराय पटौदी रोड के पास झाड़ियों में युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी मच गई। फर्रुखनगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। मृतक युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया है।

### स्टॉक मार्केट में निवेश के नाम पर 16 लाख की ठगी

**फरीदाबाद।** स्टॉक मार्केट में निवेश के नाम पर करीब 16 लाख की धोखाधडी में खाताधारक सहित 2 आरोपियों को साईबर थाना सैंट्रल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सेक्टर 35 फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने कियत में आरोप लगाया कि 20 मई को उसके व्हाट्सएप पर एक मैसेज आया जिसमे कंपनी द्वारा निवेश पर लाभ कमाने का लालच दिया गया।

## पुलिस की टीम एनसीआर माइनर में डूबी दोनों बच्चियों की तलाश में जुटी

# बहादुरगढ़ में भांजियों को बचाने के प्रयास में डूबे मामा की मौत

**एनसीआर नहर में कपड़ा धोने गए थे मामा और दो भांजी**

- भांजियों का पैर फिसल गया और वे नहर में जा गिरीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

एक दिल दहलाने वाली घटना में अपनी भांजियों को बचाने के लिए नहर में कूदे मामा की मौत हो गई। जबकि पुलिस प्रशासन की टीम दोनों बच्चियों की तलाश में जुटी है। यह हृदय विदारक घटना गांव रोहद से गुजर रही एनसीआर माइनर में शुक्रवार शाम हुई थी। पुलिस ने शनिवार को उनके मामा का शव माइनर से बरामद कर लिया, जबकि बच्चियों की तलाश जारी है। बता दें कि यूपी के हमीरपुर की मूल निवासी करीब 10 वर्षीय उर्मी और करीब 7 वर्षीय रागनी अपनी विधवा मां के साथ रोहद गांव में रहती थी। उनका मामा सुनील भी यहीं रहता था और



बहादुरगढ़। एनसीआर माइनर में तलाशी अभियान चलाती प्रशासन की टीम व ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

एक प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करता था। शुक्रवार की शाम को सुनील अपनी भांजियों रागिनी और उर्मी के साथ रोहद के निकट से गुजर रही एनसीआर माइनर पर गया था। तीनों नहर किनारे कपड़े धो रहे थे। इस दौरान उसकी भांजियों का पैर फिसल गया और वे नहर में जा गिरीं। उन्हें बचाने की कोशिश में सुनील भी कूद गया, लेकिन वह भी डूब गया। शनिवार सुबह बचाव टीम ने कुछ दूरी पर सुनील का शव बरामद कर लिया। जबकि दोनों बच्चियों की तलाश अभी भी जारी है। पुलिस और गोताखोरों की टीम लगातार सर्च अभियान चला रही है। रोहद गांव के ग्रामीण भी इस अभियान में मदद कर रहे हैं। हादसे के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। शनिवार शाम तक बच्चियां बरामद नहीं हो सकी थी।

### बच्चियों की तलाशी एवं बचाव अभियान जारी

जानकारी मिली थी कि सुनील अपनी भांजियों को लेकर नहर पर गया था। जब देर शाम तक तीनों घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। नहर किनारे पहुंचने पर तीनों के कपड़े और चप्पल वहां पड़े होने से उन्हें हादसे का आभास हुआ। सुनील का शव बरामद हो चुका है। दोनों बच्चियों की तलाशी एवं बचाव अभियान जारी है। -अमित कुमार, आसौदा थाना प्रभारी

**रेवाड़ी में दोनों की खुदकुशी से हड़कंप**

## एक साथ बीता दो दोस्तों का बचपन एक साथ लगाया मौत को गले

- गुड़यिानी में दो दोस्तों ने फंदा लगाकर जान दी, पोस्टमार्टम के लिए शव अस्पताल भेजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गुड़यिानी के दोस्त बचपन से लेकर जवानी तक साथ रहे। दोनों 'हमप्याला' यार थे, जो अक्सर एक साथ जाम छलकाते थे। शुक्रवार की रात दोनों ने अपने-अपने मकान में फांसी का फंदा लगाकर एक साथ जान दे दी। कोसली पुलिस ने सूचना मिलने के बाद दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

लगभग 23 वर्षीय अमन और उसका हमउम्र दोस्त सागर दोनों बचपन से एक साथ रहते आए हैं। ग्रामीणों के अनुसार दोनों शराब के आदि थे। साथ बैठकर दोनों शराब का सेवन करते थे। शुक्रवार को भी दोनों ने एक साथ बैठकर शराब पी। इसके बाद दोनों अपने-अपने घर चले गए। दोनों रात को अपने-अपने घरों में अकेले थे। शनिवार सुबह सागर की मां मायके से आई तो उसके बेटे का शव फांसी के फंदे से लटक रहा था। उसने बेटे को फांसी पर लटकते देख शोर मचा दिया। इसी दौरान गांव के लोग वहां एकत्रित हो गए। संदेह के आधार पर जब ग्रामीणों ने अमन के घर जाकर देखा तो वह भी अपने घर में फांसी के फंदे से लटक रहा था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद कोसली थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई।

### अमन के माता-पिता का हो चुका निधन

ग्रामीणों के अनुसार अमन के माता-पिता का काफी समय पहले निधन हो चुका है। उसकी दो बहनें हैं, जो शादी के बाद अपने ससुराल रह रही हैं। अमन घर पर अकेला ही रहता है। वह शराब का आदि था। सागर के पिता का भी काफी समय पहले निधन हो चुका है। उसकी मां दिव्यांग बताई जा रही है। वह अपनी बेटी का त्योहार देने के लिए गई हुई थी। उसका एक भाई 17 साल का है, जो घटना के समय मौजूद नहीं था। सागर का ज्यादतर समय अपने दोस्त अमन के साथ ही बीतता था। दोनों के पास कोई रोजगार नहीं होने के कारण वह अपनी मस्ती में मस्त रहते थे। आखिरकार दोनों ने एक साथ मौत को गले लगा लिया।

### फरीदाबाद में आठवीं मंजिल पर खेल रही बच्ची के अपहरण का प्रयास

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड थाना क्षेत्र में स्थित श्रीहोम सोसायटी के आठवीं मंजिल पर खेल रही बच्ची का एक महिला ने अपहरण का प्रयास किया। महिला ने बच्ची को अपने साथ ले जाने के लिए चाकलेट देने का लालच दिया। लेकिन बच्ची महिला से डर गई और अपने फ्लैट में जाकर दरवाजा लाक कर दिया। बच्ची के परिजन ने मामले की शिकायत सूरजकुंड थाना में दी है। वहीं सोसायटी के लोगों ने सुरक्षा व्यवस्था पर रोष जताते हुए शनिवार को बिल्डर ऑफिस के सामने प्रदर्शन किया।

### टोहाना में चलती कार में लगी आग, ड्राइवर ने समय रहते उतरकर बचाई जान

**फतेहाबाद।** जिले के शहर टोहाना के गांव समैण में शुक्रवार देर रात एक कार में अचानक आग लग गई। कार से निकल रही आग की लपटों को देखकर लोगों में भी हडकंप मच गया। कार चालक ने तुरंत कार को सडक किनारे रोका और समय रहते कार से उतर जान बचाई। मिली जानकारी के अनुसार मोहन नामक युवक कार में सवार होकर टोहाना से गांव समैण की तरफ आ रहा था। जैसे ही वह गांव के पास पहुंचा तो रास्ते में कार के बोनट से आग की लपटें निकलने लगी। मोहन ने जब कार में आग को देखा तो उसने तुरंत कार रोड पर साइड में रोक दी और जब बोनट खोलकर देखा तो आग तेजी से फैल गई। कार में आग लगने के बाद आसपास के लोग घटनास्थल पर जमा हो गए और फायर बिग्रेड को सूचना दी गई। टीम आधे घंटे की मेहनत के बाद आग पर काबू पा लिया।



टोहाना। गांव समैण के पास कार में लगी आग।

**राज्य के 1194 आबकारी क्षेत्रों की नीलामी सफलतापूर्वक पूरी**

## आबकारी नीति से राजस्व में ऐतिहासिक बढ़ोतरी इस वर्ष 13.25% की राजस्व वृद्धि दर्ज की गई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही प्रदेश सरकार की प्रभावशाली नीतियों के चलते एक बार फिर विकास की राह पर निर्णायक कदम बढ़े हैं।

एक तरह से विपक्ष के आबकारी नीति को लेकर सरकार पर उठाये जा रहे सवालो का खुद ब खुद जवाब मिल गया है।
सरकार की सख्त, पारदर्शी और तेज़ फैसलों वाली कार्यशैली ने एक बार फिर अपना असर दिखा दिया है। हरियाणा आबकारी एवं कराधान विभाग ने 2388 खुदरा शराब दुकानों के लाइसेंस जारी करते हुए इस वर्ष 13.25% की राजस्व वृद्धि दर्ज की है, जो साफ तौर पर दर्शाता है कि सरकार की नीति जनहित और राज्यहित में सफल रही है। आबकारी एवं कराधान आयुक्त विनय प्रताप सिंह ने जानकारी दी कि राज्य के 1194 आबकारी क्षेत्रों की नीलामी सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई है। प्रत्येक क्षेत्र में दो दुकानों की अनुमति के साथ कुल 2388 लाइसेंस दिए गए हैं।

### गुरुग्राम टाप पर

गुरुग्राम ने 3875 करोड़ रुपये के साथ राज्य में सबसे अधिक राजस्व दिया, जो कि कुल राजस्व का 27% है। इसके बाद फरीदाबाद (1696 करोड़), सोनीपत (1066 करोड़), रेवाड़ी (654 करोड़), हिसार (615 करोड़) जैसे जिलों में भी उल्लेखनीय आय दर्ज की गई। शहरी बल्कि ग्रामीण जिलों में भी सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। भिवानी (23.5%), फतेहाबाद (21%), हिसार (21%), कुरुक्षेत्र (20.5%) और पानीपत (18%) जैसे जिलों में इस बार पिछले वर्षों की तुलना में जबरदस्त उछाल आया है।

### दुकान से कपड़े चोरी करने वाली महिला काबू

**गुरुग्राम।** नाहरपुर रूपा चौकी पुलिस ने दुकान से कपड़े चोरी करने वाली एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने महिला आरोपी से पांच हजार रुपये बरामद किए हैं। आगामी कार्रवाई के लिए आरोपी को अदालत में पेश किया जाएगा। महिला आरोपी की पहचान स्वाई माधोपुर (राजस्थान) के मंडलगांव निवासी कविता बाई (29 वर्ष) के रूप में हुई है। महिला आरोपी से पूछताछ करने पर पता चला कि दुकान से सामान (कपड़ा) चोरी कर रहे युवक जिस गाड़ी में आए थे, आरोपी महिला भी उसी समय गाडी में बैठी थी और वारदात में शामिल थी आरोपियों ने चोरी किए गए कपड़े 20 हजार रुपये में बेचे थे।

**राजस्थान पुलिस ने मारा छापा**

## पाइपलाइन के नीचे सुरंग खोदकर तेल चोरी की साजिश का भंडाफोड़

बनाई गई सुरंग, पुलिस जांच करती हुई





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

जिले के गांव लोहारी राघो के पास हैबतपुर सड़क मार्ग पर ब्लॉक बनाने की फैक्ट्री की आड़ में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) पाइप लाइन से तेल चोरी करने के लिए लंबी सुरंग का निर्माण किया गया था। तेल की बड़ी चोरी होने से पहले ही पूरे मामले का भंडाफोड़ हो गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन पहुंचे उन्होंने गहनता से निरीक्षण किया। एसपी ने आदेश दिए की पूरे क्षेत्र में इस पाइपलाइन की चेकिंग की जाए ताकि गिरोह के सदस्य किसी अन्य जगहों पर भी ऐसी वारदात को अंजाम देने के लिए ऐसी तैयारी कर रहे हो। गांव लोहारी राघो के हैबतपुर सड़क मार्ग पर खेतों में हिसार के आर्य नगर निवासी अर्जुन उर्फ टोनी और भोलू ने पांच साल के लिए इस जमीन को करीब दो महीने पहले ही ब्लॉक ईटों की फैक्ट्री बनाने के लिए लीज पर लिया था। लेकिन इसके पीछे उनकी और ही मंशा थी। उन्होंने जमीन के चारों तरफ लंबी दीवार बनवा दी और एक कमरा और केबिन बनाकर तेल चोरी करने की साजिश रची। यहां से एचपीसीएल की तेल पाइप लाइन करीब 100 फीट दूरी पर थी। इसके लिए उन्होंने करीब 60 फुट लंबी सुरंग भी खोद डाली थी। वह अपने मंसूबों में कामयाब हो पाए, इससे पहले ही पुलिस ने उनका पर्दाफाश कर दिया।

### इलाके को सील किया

तेल चोरी करने के लिए लंबी सुरंग खोदी जा रही थी। आसपास के सीसीटीवी कैमरा की फुटेज खंगाली जा रही है। पूरे इलाके को सील कर दिया गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। किसी भी आरोपित को बख्शा नहीं जाएगा। **-बलवान सिंह**, थाना प्रभारी, नारनौंद।



## आय से अधिक संपत्ति मामले में परिवहन निरीक्षक के ठिकानों पर छापे

**जयपुर (भाषा)।** राजस्थान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने सिरोही जिले में तैनात एक परिवहन निरीक्षक से जुड़े कई ठिकानों पर शनिवार को छापेमारी की। यह जानकारी ब्यूरो के एक अधिकारी ने दी। अधिकारी ने बताया कि यह कार्रवाई निरीक्षक द्वारा कथित तौर पर 2.5 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति अर्जित करने के मामले में की गई है। एसीबी के एक प्रवक्ता के अनुसार आरोपी सुजानाराम चौधरी वर्तमान में सिरोही जिला परिवहन कार्यालय में परिवहन निरीक्षक के पद पर तैनात है। प्रवक्ता ने बताया कि प्रारंभिक सत्यापन और गोपनीय सूत्रों से पता चला कि चौधरी ने अपनी ज्ञात आय से 201 प्रतिशत अधिक संपत्ति अर्जित की है। प्रवक्ता के अनुसार, ''सूत्रों एवं गोपनीय सत्यापन से आरोपी अधिकारी द्वारा राजकीय सेवा में नियुक्त होने से अब तक करीब दो करोड़ पचास लाख रुपये की आय से अधिक परिसम्पतियां अर्जित करने का पता चला जो कि आरोपी की वैध आय से करीब 201 प्रतिशत अधिक है। इसमें भीनमाल, माउंट आबू, जालौर और जोधपुर में कई आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियां शामिल हैं।''

# पृथ्वी पर सटीक नजर रखने वाला 'निसार मिशन' 30 को होगा लॉन्च

## 12 दिन में पूरी पृथ्वी को करेगा स्कैन, बदलावों की मिलेगी सटीक सूचना

## शाम 5:40 बजे सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 30 जुलाई को निसार (नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार) मिशन के प्रक्षेपण के साथ एक बड़ी उपलब्धि हासिल करने की तैयारी कर रहा है। इसरो के अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग के सचिव डॉ. वी. नारायणन के अनुसार उपग्रह को एक भारतीय रॉकेट द्वारा पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया जाएगा। नारायणन ने कहा, 30 जुलाई को हम निसार (नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार) मिशन शुरू करने जा रहे हैं। उपग्रह को भारतीय




रॉकेट द्वारा कक्षा में स्थापित किया जाएगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने कहा कि निसार (इसरो और नासा का पहला संयुक्त पृथ्वी अवलोकन उपग्रह है) को 30 जुलाई को शाम 5:40 बजे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया जाएगा। इस मिशन का बजट करीब 12,500 करोड़ रुपए है। वी. नारायणन ने बताया कि हमारे सामने कई बड़े मिशन हैं। हम एक व्यावसायिक प्रक्षेपण 'ब्लूबर्ड 2 मिशन' करने जा रहे हैं।

### 12 दिन में पूरी पृथ्वी का डेटा

इसरो के मुताबिक, नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार (निसार) उपग्रह का प्रक्षेपण दोनों अंतरिक्ष एजेंसियों के बीच एक दशक से अधिक लंबे सहयोग में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। इसरो ने बताया कि यह उपग्रह हर 12 दिनों में पूरी पृथ्वी का स्कैन करेगा, और दिन-रात, हर मौसम में उच्च-रिजॉल्यूशन वाला डेटा प्रदान करेगा।

### दो बैंड पर काम करता है यह उपग्रह

जीएसएलवी-एफ18 इस उपग्रह को 743 किलोमीटर ऊंचे सन-साइक्रोनस ऑर्बिट में स्थापित करेगा। जिसका झुकाव 98.40 डिग्री होगा। निसार धरती की निगरानी करने वाला दुनिया का पहला उपग्रह है। इसमें दो अलग अलग बैंड (नासा का एल-बैंड और इसरो का एस-बैंड वाले) के रडार हैं। जिसके कारण वह घने जंगलों के नीचे से भी डेटा एकत्र करने में सक्षम होगा।

### सिंथेटिक अपर्चर रडार (एसआर)

*निसार सैटेलाइट एसएआर का इस्तेमाल किया गया है। इस तकनीक से रडार सिस्टम की मदद से बहुत अच्छी तस्वीरें ली जा सकेंगी। इसी तकनीक की मदद से हर 12 दिन में पूरी पृथ्वी की सतह की उच्च-रिजॉल्यूशन तस्वीरें ली जाएंगी। दोनों रडार नासा के 12 मीटर के फैलने योग्य मेश रिफ्लेक्टर एंटीना के जरिए डेटा प्राप्त करेंगे। यह उपग्रह 242 किलोमीटर की चौड़ाई और उच्च स्थानिक रेजॉल्यूशन के साथ पृथ्वी का निरीक्षण करेगा। ये दोनों धरती पर पेड़-पौधों की घटती-बढ़ती संख्या पर नजर रखेंगे साथ ही प्रकाश की कमी और ज्यादा होने के असर की भी अध्ययन करेंगे।*

***इसके दो प्रमुख पेलोड हैं:*** *एक एस-बैंड पेलोड है। जिसे इसरो ने पूरी तरह से अपने अहमदाबाद लैब में विकसित किया है और दूसरा- जेपीएल अमेरिका द्वारा विकसित एल-बैंड पेलोड।*

## सेवानिवृत्ति के बाद कोई सरकारी पद स्वीकार नहीं करूंगा: सीजेआई

**अमरावती, (भाषा)।** प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी. आर. गवई ने शनिवार को कहा कि वह अपनी सेवानिवृत्ति के बाद परामर्श और मध्यस्थता का कार्य करेंगे तथा कोई सरकारी पद स्वीकार नहीं करेंगे। वह अमरावती जिला एवं सत्र न्यायालय में दिवंगत टी.आर. गिल्डा मेमोरियल ई-लाइब्रेरी के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। न्यायमूर्ति गवई ने कहा, ''मैंने पहले भी कई मौकों पर घोषणा की है कि 24 नवंबर के बाद मैं कोई भी सरकारी पद स्वीकार नहीं करूंगा। मैं परामर्श और मध्यस्थता का कार्य करूंगा।''प्रधान न्यायाधीश गवई 23 नवंबर को सेवानिवृत्त होंगे। गवई ने अमरावती स्थित अपने पैतृक गांव दारापुर में अपने पिता और केरल तथा बिहार के पूर्व राज्यपाल आर.एस. गवई की समाधि पर शुक्रवार को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# इंडो-यूएस ट्रेड समझौता एक बड़ी उपलब्धि होगी: अरविंद पनगढ़िया

भाषा ▶▶ न्यूयॉर्क

■ **इस समझौते के चलते देश में व्यापक उदारीकरण होगा**

भारत-अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौता एक बड़ी उपलब्धि होगी और यह भारत को निवेशकों के लिए एक आकर्षक जगह बनाएगा। यह उम्मीद 16वें वित्त आयोग के चेयरमैन अरविंद पनगढ़िया ने जताई।

इस सप्ताह न्यूयॉर्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास में आयोजित एक संवाद के दौरान पनगढ़िया ने कहा, ''वर्तमान में चल रही कई गतिविधियां बहुत रोमांचक हैं।'' उन्होंने कहा कि इस समझौते के चलते देश में व्यापक उदारीकरण होगा। प्रख्यात अर्थशास्त्री ने कहा, ''विशेष रूप से, मैं अमेरिका-भारत व्यापार समझौते का उल्लेख करना चाहता हूं, जिस पर बातचीत चल रही है। साथ ही, भारत-यूरोपीय संघ का समझौता भी है।'' उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता एक बड़ी उपलब्धि होगी। उन्होंने कहा कि एक बार भारत-अमेरिका व्यापार समझौता हो जाए, तो यूरोपीय संघ के साथ भी समझौता हो जाएगा।

पनगढ़िया ने कहा, ''इन दो व्यापार समझौतों के साथ भारत का यूरोपीय संघ और अमेरिका के साथ एक खुला बाजार होगा। ये दो सबसे बड़े बाजार हैं। किसी भी भावी निवेशक के लिए, यह भारत को एक बहुत ही आकर्षक स्थान बनाता है। यह एक बड़ा बदलाव लाने वाला कदम होगा।'' भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और शुल्कों पर पीटीआई-भाषा के सवाल के जवाब में पनगढ़िया ने कहा, ''जहां तक भारत का संबंध है, मुझे लगता है कि इससे संभावित रूप से बहुत कुछ अच्छा निकल सकता है, क्योंकि जब अमेरिका के साथ समझौते पर हस्ताक्षर हो जाएंगे, तो भारत अपने शुल्क भी कम कर देगा।'' उन्होंने कहा, ''यह भारत के लिए एक शानदार अवसर है, और वह अमेरिका के साथ समझौते पर बहुत गंभीरता से बातचीत कर रहा है। इसलिए मुझे अच्छी खबर सुनने की उम्मीद है।'' उन्होंने कहा, ''सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इससे भारत में काफी उदारीकरण होगा, और मुझे लगता है कि यही इस कहानी का एक बड़ा हिस्सा है। हालांकि, अपने अन्य प्रतिस्पर्धियों की तुलना में अमेरिकी बाजार तक बेहतर पहुंच मिलना भी एक बड़ा फायदा है।'' कोलंबिया विश्वविद्यालय के प्रख्यात प्रोफेसर और नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष पनगढ़िया ने यह भी कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से लेकर वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक और वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट तक, सभी ने उम्मीद जताई है कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता लगभग तय है।

## 'राजस्थान मिलेनियम क्लब' का अपने रजत जयंती वर्ष पर 'तीज महोत्सव 2025' का भव्य आयोजन

**नई दिल्ली।** राजस्थान से आकर दिल्ली एन. सी. आर में निवास कर रहे लोगों की इकलौती संस्था ₹राजस्थान मिलेनियम क्लब₹ ने अपने रजत जयंती वर्ष पर ₹तीज महोत्सव 2025₹ का भव्य आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमति रेखा गुप्ता और विशेष अतिथि के रूप में निगम पार्षद श्रीमति ऋतु गोयल सम्मिलित हुई जिन्हें प्रतीक स्वरूप तलवार और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री श्रीमति रेखा गुप्ता ने भाजपा दिल्ली प्रदेश महासचिव श्री विष्णु मित्तल और निगम पार्षद श्रीमति ऋतु गोयल के अलावा क्लब के प्रधान सर्वश्री हर्ष जींदगर, महासचिव कैलाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल और पूर्व प्रधान पूरण चंद्र गुप्ता के साथ मिलकर दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम को आरंभ किया। इस अवसर पर क्लब के आदरणीय संरक्षकों के साथ पदाधिकारियों में सर्वश्री हर्ष जींदगर, कैलाश अग्रवाल, जितेंद्र अग्रवाल, एस.एन. अग्रवाल, पूरण चंद्र गुप्ता, कैलाश चंद गुप्ता, पूरण चंद अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, वीरेंद्र अग्रवाल, महेश बंसल, बनवारी लाल अग्रवाल, राजेंद्र गुप्ता, राधेश्याम बंसल, राजेश सिंघल, अमित मित्तल, अनिल अग्रवाल, सी. एम. अग्रवाल, मनमोहन केजरीवाल, मुकेश खंडेलवाल, विष्णु मंगल, प्रदीप संघी, राकेश अग्रवाल, रतन लाल गुप्ता, रितेश पुरोहित, इंदु बंसल, लक्ष्मी बंसल और रोबिना अग्रवाल की उपस्थिति रही।




मेरा किया जो काटे उसे ईनाम
गुरूजी सम्राट



ज्योतिष द्वारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान। घर बैठे फोन पर समस्याओं का समाधान जानें। वशीकरण, पति - पत्नी, सास - बहु में अनबन, मुकदमा, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, शादी, कारोबार, विदेश यात्रा आदि।
7534997731

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# भारत-ब्रिटेन ट्रेड समझौते में घरेलू उद्योगों को आयात वृद्धि से बचाने के लिए रक्षोपाय शामिल

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

■ **भारत-ब्रिटेन एफटीए पर 24 जुलाई को लंदन में हस्ताक्षर किए गए थे।**

वाणिज्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) भारत को अस्थायी रूप से शुल्क बढ़ाने या रियायतें निलंबित करने की अनुमति देता है, अगर ब्रिटिश आयात में अचानक वृद्धि से घरेलू उद्योगों को नुकसान पहुंचता है। भारत-ब्रिटेन एफटीए पर 24 जुलाई को लंदन में हस्ताक्षर किए गए थे। इसने कहा, "इस समझौते में द्विपक्षीय सुरक्षा उपाय शामिल हैं। यह भारत को कुछ वस्तुओं पर शुल्क अस्थायी रूप से बढ़ाने या शुल्क रियायतों को निलंबित करने की अनुमति देता है, अगर ब्रिटेन से आयात में उल्लेखनीय वृद्धि से भारतीय घरेलू उद्योगों को गंभीर नुकसान पहुंचता है या इसका खतरा होता है।" मंत्रालय ने कहा कि इस समझौते के तहत द्विपक्षीय सुरक्षा उपाय की अवधि शुरू में दो वर्ष तक है। यदि जांच से यह पता चलता है कि गंभीर क्षति को रोकने या उसका समाधान करने तथा घरेलू उद्योग के लिए समायोजन को सुगम बनाने के लिए सुरक्षा उपाय की अब भी आवश्यकता है, तो इस अवधि को अतिरिक्त दो वर्षों के लिए बढ़ाया जा सकता है। इसमें कहा गया है, "इस प्रकार, किसी द्विपक्षीय सुरक्षा उपाय की कुल अधिकतम अवधि चार वर्ष है।" इसके अलावा, यदि कोई द्विपक्षीय सुरक्षा उपाय केवल दो वर्षों के लिए लागू किया जाता है, तो किसी भी देश को जवाबी कार्रवाई करने का अधिकार नहीं है। लेकिन यदि इस उपाय को चार वर्षों तक बढ़ा दिया जाता है, तो देशों को जवाबी कार्रवाई करने का अधिकार होगा। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, "घरेलू उद्योग को अपूरणीय क्षति से बचाने के लिए गंभीर या आपातकालीन स्थितियों में अस्थायी उपाय अपनाए जा सकते हैं।

# वृद्धि की रफ्तार लगातार बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता: सीतारमण

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

■ **सार्वजनिक पूंजीगत व्यय आर्थिक वृद्धि के प्रेरकों में शामिल**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच वृद्धि की रफ्तार बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक पूंजीगत व्यय आर्थिक वृद्धि के प्रेरकों में शामिल है। यह बयान इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। यह वृद्धि चार वर्षों में सबसे धीमी थी। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में वृद्धि 9.2 प्रतिशत थी। आर्थिक समीक्षा ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान लगाया है। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने वृद्धि अनुमान को 6.7 प्रतिशत से घटाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया है। सीतारमण ने यहां एक पुस्तक विमोचन समारोह में कहा, ''वृद्धि को बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। वृद्धि सर्वोपरि है, और इसलिए यह रोजगार सृजन के तरीके से भी जुड़ा होगा।''उन्होंने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत को प्रासंगिक बनाए रखना, नेतृत्व की स्थिति में बने रहना और अन्य देशों के साथ आगे बढ़ना भी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने वैश्विक दक्षिण की आवाज को फिर से परिभाषित करने की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने 'ए वर्ल्ड इन फ्लक्सः इंडियाज इकोनॉमिक प्रायोरिटीज' नामक पुस्तक का विमोचन करते हुए कहा कि राजकोषीय बाधाओं के बीच घरेलू आर्थिक आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए संसाधन ढूंढना एक और प्राथमिकता है।

## भारत, मालदीव के बीच मत्स्य पालन समझौता

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत और मालदीव ने एक मत्स्य पालन सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे मालदीव को अपनी मछली प्रसंस्करण क्षमताओं को बढ़ाने और टिकाऊ तरीके से टूना मछली उद्योग को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

समझौते से भारत को रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद महासागर क्षेत्र के गहरे समुद्र में मत्स्य पालन संसाधनों तक बेहतर पहुंच मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मालदीव यात्रा के दौरान शुक्रवार को इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस दौरान दोनों देशों के बीच छह द्विपक्षीय समझौते हुए। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि भारत के मत्स्य विभाग और मालदीव के मत्स्य पालन एवं महासागर संसाधन मंत्रालय के बीच यह समझौता हुआ।

इस समझौते का मकसद टिकाऊ तरीके से टूना उत्पादन और गहरे समुद्र में मत्स्य पालन को बढ़ावा देना, जलीय कृषि और संसाधन प्रबंधन को मजबूत करना और मत्स्य पालन आधारित पर्यटन को बढ़ावा देना है।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को मिली बड़ी सफलता

# देश की 10.18 करोड़ महिलाओं की सर्वाइकल कैंसर जांच की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

## इस पहल से संचारी रोगों की समय पर पहचान की गई

देश में महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर एक बड़ी उपलब्धि सामने आई है।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने जानकारी दी है कि अब तक 30 वर्ष या उससे अधिक उम्र की 10.18 करोड़ महिलाओं की सर्वाइकल कैंसर के लिए जांच पूरी की जा चुकी है। यह काम राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से किया गया है। यह पहल गैर-संचारी रोगों की समय पर पहचान, रोकथाम और प्रबंधन के उद्देश्य से शुरू की गई थी।

### जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा



स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने विभिन्न संचार अभियानों और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाता है, जैसे कि राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस और विश्व कैंसर दिवस। प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को लगातार जानकारी दी जाती है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को उनके कार्यक्रम क्रियान्वयन योजनाओं के अनुसार जागरूकता गतिविधियों के लिए एनएचएम विशेष फंड देता है।

### समयबद्ध एनसीडी जांच अभियान चलाया

मंत्रालय ने 20 फरवरी से 31 मार्च तक एक समयबद्ध एनसीडी जांच अभियान भी चलाया था। स्क्रीनिंग की गति तेज हुई और महत्वपूर्ण योगदान मिला। राष्ट्रीय एनसीडी पोर्टल के अनुसार 20 जुलाई तक देश की 25.42 करोड़ पात्र महिलाओं में से 10.18 करोड़ महिलाओं की जांच हो चुकी है। यह आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से सरकार की व्यापक और रोकथाम आधारित स्वास्थ्य सेवा के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### नई तकनीकों का हो रहा इस्तेमाल

यह जांच 30 से 65 वर्ष की महिलाओं को लक्षित करती है, जिसमें मुख्य रूप से विजुअल इंस्पेक्शन विथ एसीटिक एसिड तकनीक का उपयोग किया जाता है। यह जांच प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा सब-हेल्थ सेंटर और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में की जाती है। पॉजिटिव पाए गए मामलों को आगे की जांच के लिए उच्च केंद्रों पर भेजा जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ता इस कार्यक्रम की रीढ़ हैं। वे 'कम्युनिटी बेस्ड असेसमेंट चेकलिस्टका उपयोग कर जोखिम वाले लोगों की पहचान करती हैं और उन्हें नियमित जांच के लिए प्रेरित करती हैं। महिलाओं को जागरूक भी करती हैं।

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
[UNDER GUARDIAN AND WARD ACT)
IN THE COURT OF Sh. Sudhir Kumar
Civil Judge (Senior Division) Karnal
Jinal etc
Vs.
Genral Public
CNR No. HRKR02-000605-2025
Next Date:-05-09-2025
GW/11/2025
NOTICE TO:
GENRAL PUBLIC
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) /respondent(s) should appear in person or through counsel on 05-09-2025 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Karnal
Sd/-
Civil Judge (Senior Division) Karnal
Dated, this day of 17-05-2025

## राशिफल

**मेष** – धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** – वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** – सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** – किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** – शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।


**धनु** – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** – मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** – परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## शब्द पहेली - 5940




**बाएँ से दाएँ**
1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य-5
4.आज्ञापत्र, पतंगा-4
7.शरीर, बदन-2
8.होशियार, हुनरमंद-3
9.नस, नाड़ी-2
10.तीर रखने का पात्र-4
11.गधा, गर्दभ-2
13.जो बंदी हो-3
14.पत्नी, भार्या-2
15.दृष्टि, निगाह-3
17.खैरात, दक्षिणा-2
19.अपने ही घर में कैद होना-5
22.भाग्यवाला-5
25.जी, इच्छा-2
26.तन, काया-3
28.दुनिया, संसार-2
29.वेतन-3
30.भीगा हुआ-2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी-4
34.परिणाम,हल,फ्रूट-2
36.सचेग-3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म-2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी-4
39.निरस्त करना-2,3

**ऊपर से नीचे**
1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म-2
2.रवि, सूर्य-3
3.तमाशा देखनेवाले-5
4.परीक्षण,जांच-3
5.सप्ताह का दिन-2
6.जो नापसंद हो (उर्दू-4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म-2,3
10.भाग्य,किस्मत-4
12.क्रिकेट में बनते हैं-2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म -3
17.खुजली-2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना-2
20.आवश्यक-3
21.कैदी, बंधक-2
22.इसाई साध्वी-2
23.बालकपन-4
24.असावधान-5
25.महासमुद्र-5
26.सज्जनता, भद्रता-4
27.अभिषेक की फिल्म-2
31.मुद्दा (उर्दू-3)
33.वाचन करनेवाला-3
35.उद्देश्य-2
37.आगमन,आने का भाव-2

**शब्द पहेली- 5939 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | थ | ल | पु | थ | ल | | मा | न | व | ता |
| त | न | | ल | | ल | म्बा | ई | | श | र |
| रा | | आ | क | र्ष | क | | न | स | | को |
| धि | क्का | र | ना | | | अ | | च | प | ल |
| का | | क्ष | | भा | गी | दा | र | | र | |
| र | म | ण | यो | ग्य | | व | ज | न | दा | र |
| | ह | | ग | फ | ल | त | | म | | ह |
| द | ल | ना | | ल | | | य | की | न | न |
| श | | का | व्य | | त | न | म | न | | स |
| ह | य | | स | ला | मी | | रा | | रा | ह |
| रा | ह | ज | न | | ज | हा | ज | चा | ल | न |





## सेना प्रमुख ने कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

# ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश दिया : उपेंद्र द्विवेदी

**द्रास (करगिल) (भाषा)।** थलसेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने शनिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान किए गए हमलों ने पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश दिया कि आतंकवाद के समर्थकों को बख्शा नहीं जाएगा। जनरल द्विवेदी ने यहां करगिल युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, ''ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान के लिए एक संदेश था और साथ ही यह पूरे देश (भारत) को गहरा जख्म देने वाले पहलगाम आतंकवादी हमले का जवाब भी था था। इस बार भारत ने न केवल शोक व्यक्त किया बल्कि यह भी दिखाया कि जवाब निर्णायक होगा।'' सेना प्रमुख ने विजय दिवस पर एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि दुश्मन को कड़ा जवाब देना भारत के लिए अब सामान्य बात है। उन्होंने कहा, ''देशवासियों द्वारा दिखाए गए विश्वास और सरकार द्वारा दी गई खुली छूट के कारण भारतीय सेना ने करारा जवाब दिया।



### संप्रभुता को नुकसान पहुंचाने वालों को कड़ा जवाब दिया जाएगा

जनरल द्विवेदी ने कहा कि कोई भी ताकत जो भारत की एकता, अखंडता और संप्रभुता को चुनौती देने या लोगों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगी, उसे करारा जवाब दिया जाएगा। यह भारत के लिए अब सामान्य बात है।'' जनरल द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना ने निर्दोषों को कोई नुकसान पहुंचाए बिना पाकिस्तान में नौ महत्वपूर्ण आतंकवादी ढांचों को नष्ट किया।

### पाकिस्तान ने कायरता दिखाई

जनरल द्विवेदी ने कहा कि भारत ने शांति का मौका दिया लेकिन पाकिस्तान ने कायरता दिखाई। उन्होंने कहा, ''आठ और नौ मई को पाकिस्तानी कार्रवाई का प्रभावी ढंग से जवाब दिया गया। हमारी सेना की वायु रक्षा एक अभेद्य दीवार की तरह खड़ी रही जिसे कोई भी मिसाइल या ड्रोन भेद नहीं सका।'' जनरल द्विवेदी ने कहा, ''रुद्र ब्रिगेड की स्थापना की जा रही है, जिसके लिए मैंने कल मंजूरी दे दी। इसके तहत हमारे पास एक ही स्थान पर पैदल सेना, मशीनीकृत पैदल सेना, बख्तरबंद इकाइयां, तोपखाने, विशेष बल और मानव रहित हवाई इकाइयां होंगी जो साजो-सामान और युद्ध संबंधी सहायता प्रदान करेंगी।''

### दुश्मन को चौंकाने के लिए सेना हमेशा तैयार

जनरल द्विवेदी ने बताया कि सेना ने एक विशेष बल 'भैरव लाइट कमांडो' इकाई का गठन किया है जो ''सीमा पर दुश्मन को चौंकाने के लिए हमेशा तैयार'' है। द्विवेदी ने कहा, ''हर पैदल सेना बटालियन में अब एक ड्रोन पलटन है। तोपखाने में 'शक्तिबाण रेजिमेंट' का गठन किया गया है, जो ड्रोन, ड्रोन रोधी उपकरणों और आत्मघाती ड्रोन से लैस होगी।'' सेना प्रमुख ने कहा कि आगामी दिनों में सेना की क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी क्योंकि सेना की वायु रक्षा प्रणालियों को स्वदेशी मिसाइलों से लैस किया जा रहा है। जनरल द्विवेदी ने कहा कि शीर्ष नेताओं की उपस्थिति दर्शाती है कि यह केवल एक सेना दिवस नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए एक उत्सव है।

## भारत ने ऑपरेशन विजय चलाकर कारगिल जंग लड़ी

**नई दिल्ली।** कारगिल की लड़ाई की शुरुआत तब हुई, जब पाकिस्तानी सैनिकों ने कारगिल की ऊंची पहाड़ियों पर चुपचाप कब्जा कर अपने ठिकाने बना लिए थे। 8 मई 1999 को कारगिल की आजम चौकी पर पाकिस्तान के करीब 12 जवानों ने कब्जा कर लिया था। शुरुआत में इसे घुसपैठियों द्वारा किया गया हमला बताया गया था, लेकिन बाद में यह साफ हो गया कि इसमें पाकिस्तानी सेना शामिल थी। इन पाकिस्तानी सैनिकों को एक भारतीय चरवाहे ने देख लिया था। इस चरवाहे ने भारतीय सेना के जवानों को पाकिस्तानी सैनिकों के घुसपैठ की सूचना दी। इस तरह भारत को पहली बार घुसपैठ की जानकारी मिली। पहले भारत समझ रहा था कि थोड़े बहुत आतंकियों ने ही कश्मीर की घाटी पर कब्जा किया है।




### वायुसेना और नौसेना की भी बड़ी भूमिका रही

इस युद्ध में वायुसेना और नौसेना की भी बड़ी भूमिका रही। वायुसेना ने मिग-29 और मिराज- 2000 विमानों के जरिए पाक सैनिकों पर बम बरसाए। इस दौरान पाकिस्तान ने हमारे दो लड़ाकू विमान मार गिराए थे, जबकि एक क्रैश हो गया था। नौसेना ने ऑपरेशन तलवार चलाया। इसके तहत कराची समेत कई पाक बंदरगाहों के रास्ते रोक दिए गए, ताकि वह कारगिल युद्ध के लिए जरूरी तेल और ईंधन की सप्लाई न कर सके। साथ ही भारत ने अरब सागर में अपने जहाजी बेड़े को लाकर पाकिस्तान के समुद्री व्यापार रास्ते को भी बंद कर दिया था।

### भारत शहीदों का हमेशा आभारी रहेगा : राजनाथ



कारगिल विजय दिवस पर, मैं उन वीरों को श्रद्धांजलि देता हूं जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी देश के सम्मान की रक्षा में असाधारण साहस, धैर्य और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया। कारगिल युद्ध के दौरान उनका सर्वोच्च बलिदान हमारे सशस्त्र बलों के अटूट संकल्प की चिरस्थायी याद दिलाता है। भारत उनकी सेवा का सदैव ऋणी रहेगा।

### करगिल के शहीदों की वीरता पीढ़ियों को सदा प्रेरित करती रहेगीः खरगे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को करगिल विजय दिवस पर सशस्त्र बलों के अदम्य साहस को सलाम किया और कहा कि शहीदों की वीरता एवं बलिदान पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''करगिल विजय दिवस पर हम अपने सशस्त्र बलों के बहादुर सैनिकों, पूर्व सैनिकों, उनके परिवारों और सभी भारतीय नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। हम अपने शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करते हैं जिन्होंने करगिल युद्ध में बहादुरी से हमारी मातृभूमि की रक्षा की। उनका अदम्य साहस और वीरता पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करती रहेगी।'' कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''करगिल विजय दिवस पर देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को शत-शत नमन और अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।'

## कांग्रेस की चुनावी हार के लिए 'पक्षपाती अंपायर' निर्वाचन आयोग जिम्मेदार : राहुल गांधी



**आणंद (भाषा)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को गुजरात में पार्टी के जिला इकाई प्रमुखों को आश्वासन दिया कि चुनाव के लिए उम्मीदवारों का चयन करते समय उनकी राय पर भी विचार किया जाएगा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 'संगठन सृजन अभियान' (पार्टी संगठन को मजबूत करने का अभियान) के तहत कांग्रेस के जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में अपने संबोधन के दौरान निर्वाचन आयोग पर 'पक्षपाती' होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को उसके 'मुख्य गढ़' गुजरात में हराना महत्वपूर्ण है। कांग्रेस ने 2027 के राज्य विधानसभा चुनावों के मद्देनजर आणंद शहर के पास एक रिसॉर्ट में जिला पार्टी कमेटियों के नवनियुक्त अध्यक्षों के लिए शिविर का आयोजन किया है।

### अध्यक्षों का मार्गदर्शन किया

राहुल गांधी ने जिला अध्यक्षों का मार्गदर्शन किया और आश्वासन दिया कि नेतृत्व पूरी तरह से पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ है। राजकोट जिला कांग्रेस प्रमुख राजदीपसिंह जडेजा ने कहा, ''राहुल गांधी ने हमसे लोगों से जुड़े मुद्दे उठाने को कहा। उन्होंने आश्वासन दिया कि विभिन्न चुनावों के लिए उम्मीदवारों के चयन से पहले शहर और जिला इकाई प्रमुखों से परामर्श किया जाएगा।'' एक अन्य नेता ने कहा कि राहुल गांधी ने क्रिकेट की शब्दावली का इस्तेमाल करते हुए निर्वाचन आयोग पर ''पक्षपाती अंपायर' होने का आरोप लगाया।

## शिक्षा मंत्रालय ने छात्रों की सुरक्षा-कल्याण सुनिश्चित करने के लिए जारी किए निर्देश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

देश की सर्वोच्च अदालत द्वारा शिक्षा प्रणाली में छात्रों पर पड़ रहे मनोवैज्ञानिक दबाव से बढ़ते आत्महत्या के मामलों पर चिंता जताई गई। तो उधर, केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में छात्रों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाने के लिए जरूरी निर्देश जारी कर दिए। जिनमें राष्ट्रीय सुरक्षा संहिताओं के हिसाब से स्कूलों और बच्चों से जुड़ी हुई सुविधाओं का अनिवार्य सुरक्षा ऑडिट, कर्मचारियों, छात्रों को आपातकालीन तैयारियों का प्रशिक्षण-परामर्श और सहकर्मी नेटवर्क के जरिए मनोसामाजिक सहायता प्रदान करना शामिल हैं। यह जानकारी शनिवार को मंत्रालय ने एक्स पर एक विस्तृत पोस्ट के जरिए दी। मंत्रालय ने अपने निर्देश में पांच बिंदुओं पर खासतौर से जोर दिया है। जिसमें सबसे पहले निवारक सुरक्षा उपाय, जागरूकता और प्रशिक्षण, मनोसामाजिक कल्याण, रिपोर्टिंग तंत्र और सार्वजनिक उत्तरदायित्व मुख्य रूप से शामिल हैं।

## मैं ऐसी सरकार का समर्थन कर रहा हूं जहां अपराध अनियंत्रित हो गया है : चिराग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

- कहा, बिहार में प्रशासन हत्या, अपहरण, डकैती और बलात्कार की घटनाओं को रोकने में पूरी तरह से असमर्थ

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान ने बिहार में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर रोष व्यक्त किया है। उन्होंने शनिवार को बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें अपराध पर अंकुश लगाने में असमर्थ सरकार का समर्थन करने में दुख हो रहा है। आपके प्रशासन में अपराधी कैसे बच निकल रहे हैं...या प्रशासन स्थिति को छिपाने की कोशिश कर रहा है, या प्रशासन स्थिति को संभालने में पूरी तरह से असमर्थ है। पासवान ने कहा कहा, कि मुझे दुख है कि मैं ऐसी सरकार का समर्थन कर रहा हूं जहां अपराध अनियंत्रित हो गया है। एनडीए का हिस्सा होते हुए केंद्रीय मंत्री पासवान ने कहा कि बिहार में प्रशासन हत्या, अपहरण, डकैती और बलात्कार की घटनाओं को रोकने में पूरी तरह से असमर्थ है। चिराग पासवान ने कहा कि बिहार में जिस तरह से अपराध हो रहे हैं, प्रशासन अपराधियों के सामने पूरी तरह से नतमस्तक हो गया है।




**भारत और ब्रिटेन ने 24 जुलाई को मुक्त व्यापार की दिशा में आगे बढ़ते हुए एक व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए) किए। इसे भारत का अब तक का सबसे महत्वाकांक्षी व्यापार समझौता माना जा रहा है। समझौते के तहत भारत के 99 फीसदी उत्पादों को ब्रिटेन में और यूके के 90 फीसदी उत्पादों को भारत में शुल्क मुक्त पहुंच मिलेगी। इससे पहले भारत ने दस देशों के संगठन दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) के साथ एफटीए किया है। आसियान में भूटान, थाईलैंड, सिंगापुर, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, जापान, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात, मॉरीशस और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) शामिल हैं, जिसमें आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। भारत का श्रीलंका, मॉरीशस और मलेशिया के साथ भी एफटीए है, दक्षिण कोरिया, जापान और यूएई के साथ एक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) है, ऑस्ट्रेलिया के साथ आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता (ईसीटीए) है, सिंगापुर के साथ व्यापक आर्थिक सहयोग समझौता (सीईसीए) है और थाईलैंड के साथ तरजीही व्यापार समझौता (पीटीए) है। मुक्त व्यापार के नजरिये को पहली बार 1817 में अर्थशास्त्री डेविड रिकार्डो ने अपनी पुस्तक 'ऑन द प्रिंसिपल्स ऑफ पॉलिटिकल इकोनॉमी एंड टैक्सेशन' में लोकप्रिय बनाया था। आजकल में पेश है एफटीए का विश्लेषण...**

# ट्रेड बढ़ाने के नए युग का आगाज एफटीए



**विश्लेषण**
प्रभात कुमार रॉय
ग्लोबल ट्रेड व कूटनीतिक मामलों के जानकार

**दिवस 24 जुलाई 2025 को भारत के आर्थिक और कूटनीतिक इतिहास में सदैव याद किया जाएगा। भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते की पहल ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के कार्यकाल में मई 2022 से प्रारंभ हुई थी। निश्चित तौर पर लेबर पार्टी के जुलाई 2024 में विराट बहुमत के साथ ब्रिटेन में सत्तासीन हो जाने के तत्पश्चात भारत और ब्रिटेन के मध्य मुक्त व्यापार वार्ताओं को तेज गति उत्पन्न हो गई। यकीनन यदि कंजरवेटिव पार्टी ब्रिटेन में सत्तासीन होती तो संभव है कि फिर भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता ऐसा शानदार प्रारूप ले ही नहीं पाता, क्योंकि कूटनीतिक तौर पर ब्रिटेन की कंजरवेटिव पार्टी का रुख सदैव अमेरिका समर्थक रहा है।**

एक ऐसे वक्त में जबकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और नाटो के सेक्रेटरी जनरल मार्क रूट 32 नाटो देशों में भारतीय निर्यात पर सौ प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ आयद करने की धमकी दे रहे हैं, जिस वक्त में यूरोपियन यूनियन भारतीय तेल कंपनियों पर प्रतिबंध आयद करने का फैसला ले रही हैं। ठीक उसी वक्त में नाटो सैन्य संगठन का एक प्रमुख सदस्य देश और यूरोप का सिरमौर देश ब्रिटेन राष्ट्रपति ट्रंप, नाटो चीफ मार्क रूट और यूरोपियन यूनियन की धमकी को एकदम से दरकिनार करते हुए भारत के साथ एक मुक्त व्यापार समझौता अंजाम दे देता है। इससे भारतीय निर्यात पर पश्चिमी देशों द्वारा विशाल टैरिफ आयद करने की धमकियों का कुहासा यकायक ध्वस्त होने लगता है। 24 जुलाई 2025 को भारत के आर्थिक और कूटनीतिक इतिहास में सदैव याद किया जाएगा। भारत-ब्रिटेन व्यापक मुक्त व्यापार समझौते की पहल ब्रिटेन के पीएम बोरिस जॉनसन के कार्यकाल में मई 2022 से प्रारंभ हुई थी। निश्चित तौर पर लेबर पार्टी के जुलाई 2024 में विराट बहुमत के साथ ब्रिटेन में सत्तासीन हो जाने के तत्पश्चात भारत और ब्रिटेन के मध्य मुक्त व्यापार वार्ताओं को तेज गति उत्पन्न हो गई। यदि कंजरवेटिव पार्टी ब्रिटेन में सत्तासीन होती तो संभव है कि भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता ऐसा शानदार प्रारूप नहीं ले पाता, क्योंकि कूटनीतिक तौर पर ब्रिटेन की कंजरवेटिव पार्टी का रुख सदैव अमेरिका समर्थक है। लेबर पार्टी अपने बुनियादी चरित्र में एक वामपंथी पार्टी रही है, अतः वह अमेरिकी नीतियों का अंधानुकरण नहीं किया करती है।

## अंतरराष्ट्रीय संबंध शक्तिशाली बनेंगे

ब्रिटेन के साथ भारत के ऐतिहासिक अंतरराष्ट्रीय संबंध को और अधिक शक्तिशाली बनाने में मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का भविष्य में बड़ा किरदार रहेगा। भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते के लिए द्विपक्षीय आर्थिक और कूटनीतिक वार्ताएं शनैः शनैः कदमताल करते हुए तीन वर्षों तक मंथर गति से कभी रुक गई थी और फिर कभी चल पड़ी थी। आखिरकार 15 राउंड तक चली द्विपक्षीय वार्ताओं के पश्चात 24 जुलाई को मुक्त व्यापार समझौते को भारत और ब्रिटेन द्वारा अंतिम पड़ाव तक पहुंचा दिया गया। भारत की ओर से वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन की ओर से जोनाथन रेनाल्ड द्वारा मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

भारत ब्रिटेन व्यापार समझौते के महत्व को इस तथ्य से बाकायदा समझा जा सकता है कि इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर विद्यमान रहे और समझौते पर दस्तखत हो जाने के पश्चात प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने फरमाया कि यह समझौता केवल आर्थिक साझेदारी का ही नहीं है, वरन् साझा समृद्धि की भी एक कार्य योजना है। यह समझौता दोनों देशों के मध्य व्यापार बाधाओं को खत्म करने की दिशा में कदम बढ़ाएगा। साथ ही भारत और ब्रिटेन के मध्य तकनीकी सहयोग, नवाचार और पूंजी निवेश की राह को प्रशस्त करेगा। उल्लेखनीय है कि भारत और ब्रिटेन के मध्य 25.5 अरब पौंड अर्थात 5 लाख करोड़ रुपये का वार्षिक व्यापार है।



## पांच वर्षों में बढ़कर दोगुना होगा व्यापार

इस समझौते के बाद यह उम्मीद जताई गई है कि यह परस्पर व्यापार आगामी 5 वर्षों के अंदर बढ़कर दोगुना हो जाएगा। आजकल ब्रिटेन को भारत का निर्यात तकरीबन तीन लाख करोड़ का है, जबकि ब्रिटेन का भारत को निर्यात लगभग दो लाख करोड़ का है। भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते में अनेक पहलू विद्यमान हैं। सबसे पहला पहलू है कि भारत द्वारा ब्रिटेन को निर्यात किए जाने वाले 99 प्रतिशत सामान पर कोई आयात शुल्क (टैरिफ) आयद नहीं किया जाएगा। ब्रिटेन द्वारा भारत को निर्यात किए गए 90 प्रतिशत सामान पर भी कोई आयात शुल्क (टैरिफ) आयद नहीं किया जाएगा। भारत से ब्रिटेन को निर्यात किए जाने वाले सामान मुख्यतः भारत के कृषि उत्पाद जैसे फल, सब्जियां, हल्दी, काली मिर्च, इलायची आदि, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों (प्रोसेस्ड फूड) , समुद्री उत्पाद झींगा,टूना मछली का चारा, टेक्सटाइल हस्तशिल्प सामान, फुटवियर, हीरे-सोने की ज्वेलरी, फार्मा, जेनेरिक दवाएं, इंजीनियरिंग सामान, ऑटो पार्ट्स आदि पूरी तरह से आयात शुल्क (टैरिफ) से मुक्त हो जाएंगे। अतः इन सभी भारतीय सामानों के लिए ब्रिटेन में एक बड़ा बाजार उपलब्ध हो सकता है। उल्लेखनीय है कि अभी तक ब्रिटेन के बाजार चीन के माल से लबरेज रहते हैं। भारतीय निर्यात के लिए ब्रिटेन में आयात शुल्क (टैरिफ) मुक्त हो जाने के कारण भविष्य में भारतीय सामान यकीनन चीन के सामान को कड़ी टक्कर दे सकेंगे। ब्रिटेन द्वारा भारत को निर्यात किए जाने वाली वस्तुओं में स्कॉच व्हिस्की पर आयात शुल्क 150 प्रतिशत से घटाकर 75 प्रतिशत कर दिया गया है। आगामी 10 वर्षों में शनः शनः स्कॉच व्हिस्की पर भारत में टैरिफ घटाकर 40 प्रतिशत तक कर दिया जाएगा। ब्रिटेन द्वारा भारत को निर्यात की जाने वाली ऑटो कारों पर भी टैरिफ 100 प्रतिशत से घटाकर आगामी दस वर्षों में 10 प्रतिशत तक कर दिया जाएगा।

## आटो इंडस्ट्री को मिलेगी प्रतिस्पर्धा

आने वाले दौर में भारतीय ऑटो इंडस्ट्री को यकीनन ब्रिटिश आटो इंडस्ट्री की अत्यंत कड़ी चुनौती का मुकाबला करना पड़ेगा। संभव है कि ब्रिटिश आटो इंडस्ट्री की चुनौती भारतीय आटो इंडस्ट्री के लिए वरदान साबित हो जाए और भारत की ऑटो इंडस्ट्री ब्रिटेन के साथ सीधी प्रतिस्पर्धा करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर की निर्मित हो सकती है। भारतीय इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहनों के ब्रिटिश बाजार में पहुंचने की उम्मीद है क्योंकि इन पर से आयात शुक्ल काफी कम कर दिया गया है। भारत की विदेशी शराब इंडस्ट्री को ब्रिटिश स्कॉच व्हिस्की से टैरिफ सौ प्रतिशत तक घटाए जाने के कारणवश नुकसान झेलना पड़ सकता है। इसके लिए भारत सरकार को भारतीय स्कॉच व्हिस्की पर भी एक्साइज ड्यूटी घटानी पड़ सकती है। ब्रिटेन द्वारा भारत को निर्यात किए जाने वाले मेडिकल उपकरणों, एयरोस्पेस पार्ट्स, चॉकलेट और बिस्किट पर भी टैरिफ घटा दिया गया है। भारतीय किसानों के हितों को सुरक्षित रखते हुए भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते के तहत ब्रिटिश कृषि उत्पादों के लिए भारतीय बाजार को कदाचित खोला नहीं गया है। व्यापार समझौते का दूसरा पहलू है कि भारत के लिए ब्रिटेन ने अपना सर्विस सेक्टर पूरी तरह से खोल दिया है। सर्विस सेक्टर पर व्यापक डील भी होगी। ब्रिटेन की कंजरवेटिव पार्टी के लीडरों द्वारा सर्विस सेक्टर को भारत के लिए खोल देने पर सख्त एतराज का इजहार किया गया और आशंका जताई कि इस कदम से ब्रिटेन में बेरोजगारी में इजाफा हो जाएगा। किंतु ब्रिटेन के वाणिज्य मंत्री जोनाथन रेनाल्ड ने विपक्षी लीडरों की इस आशंका को सिरे से खारिज कर दिया। भविष्य में भारतीय वैज्ञानिक, डॉक्टर, इंजीनियर टेक्नीशियन आदि आसानी से इंग्लैंड में काम कर सकेंगे। भारतीय कामगारों को ब्रिटेन की सामाजिक सुरक्षा योजना में तीन वर्षों तक अपनी आमदनी से कोई अनुदान राशि जमा नहीं करनी पड़ेगी। उल्लेखनीय है कि व्यापार समझौते से पहले भारतीय कामगारों को सामाजिक सुरक्षा योजना में केवल एक वर्ष तक अंशदान करने से छूट प्राप्त थी। इस अंशदान छूट से भारतीय कामगारों को और भारतीय कंपनियों को फायदा हो जाएगा। यूरोपियन यूनियन का परित्याग करने के (ब्रेक्जिट) तत्पश्चात ब्रिटेन को आर्थिक तौर पर नए सशक्त साझीदार की तलाश थी। व्यापार समझौते के तहत ब्रिटिश कंपनियों को रक्षा, ऊर्जा, फार्मा, ऑटो इंडस्ट्री आदि क्षेत्रों में भारत में निवेश करने के अवसर फराहम किए गए हैं। अनेक जाने-माने अर्थशास्त्रियों का मत है कि भारत के मुकाबले में ब्रिटेन एक विकसित अर्थव्यवस्था है। हालांकि ब्रिटिश अर्थव्यवस्था की हालत आजकल खस्ता चल रही है। तमाम आर्थिक तरक्की के बावजूद अभी तक भारत एक विकासशील अर्थव्यवस्था है। मुक्त व्यापार समझौते के तहत ब्रिटेन और भारत के लिए आयात शुल्क (टैरिफ) की दरों को तकरीबन समान स्तर पर ला दिया गया है। ऐसी स्थिति में विकसित अर्थव्यवस्था वाला ब्रिटेन खुली प्रतिस्पर्धा में भारत की विकासशील अर्थव्यवस्था को गहन क्षति पहुंचा सकता है। ब्रिटेन से भारत को निर्यात किए गए सामान पर औसतन आयात शुल्क 15 प्रतिशत से घटाकर केवल 3 प्रतिशत तक रह जाएगा। उन्नत ब्रिटिश कंपनियों के लिए अपना सामान बेचना अत्यंत आसान हो जाएगा। यह तो भविष्य ही बताएगा कि भारत की अपेक्षाकृत कमजोर कंपनियां उन्नत ब्रिटिश कंपनियों को कहां तक कड़ी टक्कर दे सकेंगी। ब्रिटेन में निर्मित वाहन, इलेक्ट्रॉनिक सामान, शराब, मांस, बिस्किट चॉकलेट आदि भारतीय बाजारों मे तहलका मचा सकती है।

## पूंजी निवेश से भारत में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे

इस धारणा के एकदम विपरीत कुछ अर्थशास्त्री का विचार है कि ब्रिटिश कंपनियों के द्वारा भारत में किए जाने वाले पूंजी निवेश से भारत में रोजगार में जबरदस्त अवसर उत्पन्न हो जाएंगे। भारतीय कंपनियों का ब्रिटेन में आसान प्रवेश भी भारत के लिए तकनीकी क्षेत्र में शानदार तरक्की की राह प्रशस्त कर देगा। भारत और ब्रिटेन के प्रधानमंत्रियों द्वारा प्रकट की गई परस्पर सहयोग की प्रबल भावना यदि शिक्षा और रक्षा क्षेत्रों में वास्तव में साकार हो उठेगी तो फिर भविष्य में एक शानदार इतिहास रचा जाएगा। उल्लेखनीय है कि भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते को ब्रिटिश संसद की मंजूरी लेनी पड़ेगी जो की लेबर पार्टी के ब्रिटिश संसद में विराट बहुमत के कारण आसानी से हासिल हो जाएगी। भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते को व्यवहारिक तौर से लागू होने में तकरीबन और एक वर्ष लग सकता है। उल्लेखनीय है कि भारत और यूरोपीय यूनियन के मध्य विगत 18 वर्षों से ट्रेड डील पर वार्ताएं चलती रही हैं, किंतु अभी तक कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आ सका। भारत-ब्रिटेन ट्रेड डील को कम ही वक्त लगा है। सितंबर में भारत व ईयू एफटीए संभव है।

अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा ट्रेड वार समस्त दुनिया के विरुद्ध शुरू कर दी गई है। इसका सीधा नतीजा सामने आया कि वैश्विक अर्थव्यवस्था डगमगा कर हिचकोले खाने लगी है। दुनिया के उन्नतर देशों को प्रतीत हो रहा है कि अमेरिका धमकी दे रहा है और इससे उनको आर्थिक नुकसान हो सकता है। अतः भारत व ब्रिटेन के मध्य एक अन्य महत्वपूर्ण समझौते की वार्ताएं निरंतर जारी हैं। इस समझौते के तहत भारत और ब्रिटेन के मध्य खुफिया सूचनाओं का आदान-प्रदान हो सकेगा। आर्थिक अपराधियों और नृशंस अपराधियों का प्रत्यर्पण संभव हो सकेगा। इस समझौता वार्ता के लागू के बाद ब्रिटेन में रहने वाले भारत के भगोड़े आर्थिक अपराधियों को भारत लाना आसान हो जाएगा। भारत को ब्रिटेन से कार्बन कर छूट भी प्राप्त करना चाहिए।

# भारत-ब्रिटेन के बीच बढ़ेंगे आपसी व्यापार



**आर्थिकी**
डॉ. जयंतीलाल भंडारी
प्रसिद्ध अर्थशास्त्री

भारत और ब्रिटेन (यूके) के बीच व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए) पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर की मौजूदगी में 24 जुलाई को हस्ताक्षर हुए हैं। पूरी दुनिया की निगाहें इस समझौते पर इसलिए लगी रही, क्योंकि भारत बढ़ते भूराजनीतिक ध्रुवीकरण के बीच अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ भी एफटीए की अंतिम कवायद में लगा है।

भारत-ब्रिटेन का यह एफटीए इसी वर्ष दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन रहे भारत और छठी बड़ी अर्थव्यवस्था ब्रिटेन के बीच व्यापार के लिए नए मापदंड स्थापित करते हुए दिखाई दे रहा है। भारत का ब्रिटेन के साथ यह अब तक का ऐसा ऐतिहासिक एफटीए है, जो दुनिया के प्रमुख देशों के लिए भारत के साथ तत्परता से मुक्त व्यापार समझौतों की डगर पर आगे बढ़ने की नजीर बनते हुए दिखाई दे रहा है। इस एफटीए से भारत और ब्रिटेन के बीच वर्ष 2030 तक व्यापार दोगुना होकर 120 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस एफटीए से दोनों अर्थव्यवस्थाओं में व्यापार, निवेश, विकास, रोजगार सृजन और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। महत्वपूर्ण है कि हाल ही में जब अमेरिका-चीन में नई सुलह के बाद अमेरिका ने चीन के उत्पादों पर आयात शुल्क घटा दिए हैं, तब भारत के द्वारा दुनिया के विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों की डगर पर तेजी से बढ़ना लाभप्रद दिखाई दे रहा है।

## शून्य टैरिफ का लाभ मिलेगा

इस एफटीए से ब्रिटेन के बाजारों में भारत को लगभग 99 फीसदी उत्पादों पर शून्य टैरिफ का लाभ मिलेगा और भारतीय वस्तुओं के लिए ब्रिटेन के बाजार में चीनी उत्पादों और अन्य देशों के उत्पादों के मुकाबले प्रतिस्पर्धा में मदद मिलेगी। एफटीए उभरते उत्पादों के लिए नए बाजार तक पहुंच बनाता है, जिससे किसानों को घरेलू मूल्य अस्थिरता के खिलाफ मदद मिलेगी।

## कृषि उत्पादों पर रियायत नहीं

खास बात यह है कि भारत संवेदनशील क्षेत्रों- डेयरी उत्पाद, सेब, जई और खाद्य तेलों पर कोई टैरिफ रियायत नहीं दे रहा है। एफटीए ब्रिटेन को निर्यात बढ़ाने के लिए एक सशक्त मंच तैयार करेगा। कम टैरिफ और सुव्यवस्थित प्रक्रियाओं के साथ, भारतीय तिलहन निर्यातक ब्रिटेन के बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं, जिससे संभावित रूप से निर्यात में वृद्धि हो सकती है। मुक्त व्यापार समझौते के तहत भारत से कपड़ा आयात पर शुल्क समाप्त कर दिया गया है, जिससे भारत की प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता बढ़ गई है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि एफटीए के तहत टैरिफ उन्मूलन के साथ, ब्रिटेन को इंजीनियरिंग निर्यात अगले पांच वर्षों में लगभग दोगुना हो सकता है। इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के निर्यात में तेजी आने की उम्मीद है, साथ ही स्मार्टफोन, ऑप्टिकल फाइबर केबल और इनवर्टर के कारण ब्रिटेन के बाजार में भारत की स्थिति मजबूत होगी। सॉफ्टवेयर और आईटी-सक्षम सेवाओं के लिए ब्रिटेन की महत्वाकांक्षी प्रतिबद्धताएं, नए बाजारों को खोलने, रोजगार



सृजन को बढ़ावा देने और भारतीय सॉफ्टवेयर फर्मों के लिए निर्यात क्षमता को बढ़ाएगी। एफटीए के तहत शून्य टैरिफ प्रावधानों से ब्रिटेन के बाजार में भारतीय जेनेरिक दवाओं की उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है, जो यूरोप में भारत का सबसे बड़ा दवा निर्यात गंतव्य बना हुआ है। शुल्क मुक्त पहुंच से प्लास्टिक, फिल्म, शीट, पाइप, पैकेजिंग, टेबलवेयर और किचनवेयर के लिए ब्रिटेन की मजबूत मांग का लाभ उठाने का अवसर मिलेगा। ये ऐसे क्षेत्र हैं जहां भारत ने विनिर्माण क्षमता सिद्ध कर ली है। भारत को ब्रिटेन के प्रमुख आयात स्रोतों जैसे जर्मनी, चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका, नीदरलैंड, बेल्जियम और फ्रांस के साथ बेहतर प्रतिस्पर्धा करने में मदद मिलेगी।

## सामाजिक सुरक्षा समझौते

यह भी उल्लेखनीय है कि एफटीए के साथ ही दोनों देशों ने दोहरे अंशदान समझौते या सामाजिक सुरक्षा समझौते पर भी मुहर लगाई है। इस समझौते से ब्रिटेन में काम करने वाले भारतीय कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा भुगतान से तीन साल की छूट मिलेगी। इस करार से ब्रिटेन में न केवल कुशल, पेशेवर श्रमिकों के हितों की रक्षा होगी बल्कि भारतीय सेवा प्रदाताओं को बहुआयामी वित्तीय लाभ भी होंगे। तमाम ब्रिटिश व भारतीय कारोबारियों को तकनीक और ग्रीनटेक में साथ मिलकर काम करने का मौका मिलेगा। ब्रिटेन ने ब्रिटिश उत्पादों खासतौर से खाने के सामान से लेकर पेय पदार्थ के लिए भारत की उपभोक्ता प्रधान अर्थव्यवस्था और 140 करोड़ से अधिक ग्राहकों के बड़े बाजार तक सरल पहुंच निश्चित की है। इसमें कोई दो मत नहीं कि अमेरिका द्वारा लागू की जा रही संरक्षणवादी व्यापार नीतियों के कारण वैश्विक व्यापार में उथल-पुथल को देखते हुए भारत और ब्रिटेन ने मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में तत्परता दिखाई है।

## यह करार मील का पत्थर

यह भारत के साथ ब्रिटेन की रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने के ब्रिटेन के महत्वाकांक्षी एजेंडे का हिस्सा भी है। इस एजेंडे के तहत ब्रिटेन भारत को विश्व के महाशक्ति देशों के बीच अहम स्थान प्रदान करता है। उम्मीद करें कि यह मुक्त व्यापार समझौता दोनों देशों के द्विपक्षीय कारोबार के लक्ष्य के मद्देनजर मील का पत्थर साबित होगा। इससे देश से निर्यात बढ़ेंगे और बड़े पैमाने पर रोजगार के नए अवसरों का निर्माण होगा। ब्रिटेन के साथ भारत का एफटीए अमेरिका और यूरोपीय संघ जैसे बड़े देशों के साथ चल रही एफटीए वार्ताओं में एक मॉडल के रूप में काम करेगा और अन्य प्रमुख देशों के साथ भी एफटीए को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप दिया जा सकेगा।

## समझौते से भारत को लाभ

एफटीए के तहत 6.5 अरब डॉलर यानी 45 प्रतिशत भारतीय निर्यातों (वस्त्र, जूते, कालीन, वाहन, समुद्री भोजन, अंगूर एवं आम जैसे उत्पाद) को ब्रिटेन में शुल्क-मुक्त प्रवेश मिलेगा। पहले इन पर चार प्रतिशत से लेकर 16 प्रतिशत तक शुल्क लगता था। शेष आठ अरब डॉलर के उत्पाद (पेट्रोलियम, दवा, हीरे और विमान के पुर्जे) को पहले से ही शून्य शुल्क पर पहुंच हासिल है। ब्रिटेन ने चावल जैसे कुछ कृषि उत्पादों को छोड़कर सभी भारतीय वस्तुओं पर शुल्क समाप्त करने पर सहमति जताई है।

## समझौते से ब्रिटेन को लाभ

ब्रिटेन से भारत को होने वाले 8.6 अरब डॉलर के निर्यात पर 94 प्रतिशत से अधिक वस्तुओं पर शुल्क लगता है। एफटीए में भारत 90 प्रतिशत ब्रिटिश उत्पादों पर शुल्क समाप्त कर देगा। साल्मन मछली, विमान के पुर्जे, मशीनरी जैसे 64 प्रतिशत ब्रिटिश सामान पर तुरंत शुल्क हट जाएगा। 26 प्रतिशत वस्तुओं पर अगले 10 वर्षों में चरणबद्ध तरीके से शुल्क हटाया जाएगा।

# एफटीए डील से किसानों को होगा लाभ



**कृषि क्षेत्र**
रवि शंकर
वरिष्ठ पत्रकार

भारत-ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार के लिए व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए) भारत की कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए एक ऐतिहासिक क्षण बना है। इस समझौते ने कृषि-निर्यात, मूल्य-वर्धित उत्पादों और ग्रामीण समृद्धि में एक बड़ी छलांग के लिए मंच तैयार किया है। यह समझौता भारतीय कृषि, समुद्री उत्पाद, वस्त्र, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मास्यूटिकल्स सहित कई अन्य प्रमुख क्षेत्रों के लिए ब्रिटेन के बाजारों तक शुल्क-मुक्त पहुंच प्रदान करेगा। इससे भारतीय निर्यात में भारी बढ़ोतरी की उम्मीद है। कई उत्पाद भारत में और भी सस्ते हो जाएंगे। भारत का दावा है कि यह समझौता वर्ष 2030 तक भारत-ब्रिटेन व्यापार को दोगुना यानि 60 अरब डॉलर से 120 अरब डॉलर तक कर देगा। ज्ञात है कि कृषि ग्रामीण भारत की आजीविका और आर्थिक सुरक्षा की आधारशिला है, इसलिए भारत और यूके के बीच मुक्त व्यापार समझौते में किसानों के हितों का विशेष ख्याल रखा गया है। मुक्त व्यापार समझौते से भारतीय कृषि उद्योग को स्थानीय से वैश्विक स्तर तक पहुंचने में मदद मिलेगी। एफटीए से सबसे बड़ा फायदा भारतीय किसानों को मिलेगा, क्योंकि इनके उत्पाद अब प्रीमियम ब्रिटिश बाजार तक आसानी से पहुंच पाएंगे। कुछ प्रमुख फसलों पर अब टैरिफ खत्म किया गया है। लगभग 95 फीसदी कृषि शुल्क लाइनों पर जीरो ड्यूटी फीस का प्रावधान किया गया है। खेती-किसानी के क्षेत्र से जुड़ी जिन भारतीय फसलों और वस्तुओं पर जीरो ड्यूटी का प्रावधान है, उससे भारतीय उत्पादों को यूके के मार्केट में लैंडिंग लागत में कमी आएगी और भारतीय किसानों की आय बढ़ेगी।

## कृषि क्षेत्र के लिए अवसर

गुणवत्ता, पैकेजिंग और प्रमाणन के लिए प्रोत्साहन बढ़ेगा और ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार बढ़ेंगे। जीरो ड्यूटी वाली फसलें और पदार्थों में हल्दी, काली मिर्च, इलायची, आम का गूदा, अचार, दालें, फल, सब्जियां और अनाज, मसाला मिश्रण और खाने के लिए तैयार भोजन शामिल हैं। ये सामान ड्यूटी फ्री होकर यूके पहुंचेंगे। इससे पहले किसानों को अपनी आय का एक हिस्सा एक्सपोर्ट ड्यूटी के तौर पर देना होता था। ये ड्यूटी फ्री होने के बाद किसान टैक्स की चिंता छोड़ सकेंगे। उन्हें यूके के मार्केट्स में अपने प्रोडक्ट्स का पहले से बेहतर दाम मिल सकेगा।

## यूके में प्रीमियम कॉस्ट मिलेगी

इस समझौते के बाद यूके में एग्रीकल्चर प्रोडक्ट्स की लैंडिंग कॉस्ट कम हो जाएगी। इस कारण रिटेल चेन और मेनस्ट्रीम मार्केट के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, जिससे भारतीय किसानों को यूके के मार्केट में उनके प्रोडक्ट्स की प्रीमियम कॉस्ट मिलेगी। डील के जरिए बाजरा, जैविक जड़ी-बूटियां जैसे नए प्रोडक्ट्स के एक्सपोर्ट के मौके मिलेंगे। इससे किसानों को प्रोत्साहन मिलेगा। भारत ग्लोबल लेवल पर एग्रीकल्चर प्रोडक्ट का लगभग तीन लाख करोड़ रुपये का एक्सपोर्ट करता है। इसमें ब्रिटेन को उसका एक्सपोर्ट करीब सात हजार करोड़ रुपये का है।



ब्रिटेन को भारतीय किसानों के लिहाज से हाई वैल्यू मार्केट माना जाता है। इतना ही नहीं, ड्यूटी फ्री होने से अगले तीन साल में एग्रीकल्चर एक्सपोर्ट में 20 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। भारत ने 2030 तक 100 बिलियन डॉलर के एग्रीकल्चर एक्सपोर्ट का लक्ष्य रखा है। इस डील से ये लक्ष्य पूरा हो सकेगा। अभी भारत से भेजे जाने वाले प्रोडक्ट्स पर लगभग चार से आठ प्रतिशत तक एक्सपोर्ट ड्यूटी लगती है। कृषि के क्षेत्र में ब्रिटेन 37.52 अरब डॉलर मूल्य के उत्पादों का आयात करता है, जबकि भारत से आयात केवल 81.1 करोड़ डॉलर का ही होता है। लेकिन एफटीए लागू होने के बाद भारत के किसानों के उत्पादों के लिए प्रीमियम ब्रिटिश बाजारों को खोलेगा। उच्च-मार्जिन वाले ब्रांडेड उत्पादों जैसे कॉफी, मसाले, पेय पदार्थ और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के निर्यात में भी मदद मिलेगी। देश के विभिन्न राज्यों के किसानों को एफटीए से लाभ होने की संभावना है। बासमती चावल उत्पादक पंजाब और हरियाणा, अंगूर और प्याज उत्पादक महाराष्ट्र, मूंगफली व कपास उत्पादक गुजरात, मसाला उत्पादक केरल और बागवानी के लिए पूर्वोत्तर राज्यों को फायदा होगा। वहीं एफटीए से भारत के मत्स्य उद्योग को भी बड़ा फायदा होगा, खासकर आंध्र प्रदेश, ओडिशा, केरल और तमिलनाडु जैसे तटीय राज्यों में। झींगा, टूना, फिशमील और पशु आहार जैसे 99 फीसदी समुद्री उत्पादों पर अब कोई आयात शुल्क नहीं लगेगा, जबकि अभी इन पर 4.2 से 8.5 फीसदी ड्यूटी लगती है। इससे भारत के समुद्री उत्पादों के निर्यात को जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा। ब्रिटेन का समुद्री आयात बाजार 5.4 अरब डॉलर का है, जो भारत के ब्लू इकॉनमी के लिए बड़ा मौका है। इसके अलावा यह समझौता भारत के कॉफी, चाय, मसाले और अन्य पेय पदार्थों जैसे ब्रांडेड उत्पादों के निर्यात को भी बढ़ावा देगा। अभी भारत की कुल कॉफी निर्यात में यूके की हिस्सेदारी 1.7 फीसदी, चाय में 5.6 फीसदी और मसालों में 2.9 फीसदी है। शुल्क खत्म होने से ये सेक्टर तेजी से बढ़ेंगे। खासकर भारतीय इंस्टेंट कॉफी को जर्मनी और स्पेन जैसे यूरोपीय देशों से मुकाबला करने में मदद मिलेगी। कुल मिलाकर ये कहा जा रहा है कि एफटीए से भारत के कृषि उत्पादों और प्रसंस्कृत खाद्य उद्योग के लिए ब्रिटिश बाजार में नये अवसर पैदा होंगे। इस समझौते के बाद न केवल मेक इन इंडिया और वोकल फॉर लोकल जैसे अभियानों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि भारतीय कारीगरों, बुनकरों, दिहाड़ी मजदूरों की प्रतिष्ठा बढ़ेगी। फिर भी ऐसा नहीं है कि इस डील में सब कुछ अच्छा ही अच्छा है। हर डील के अच्छे और बुरे पक्ष होते हैं। ऐसे में इस डील के भी कुछ नुकसान हैं, खासकर भारत के कुछ सेक्टरों के लिए। डेयरी और पोल्ट्री उद्योग को ब्रिटेन से सस्ते आयात का खतरा हो सकता है, क्योंकि ब्रिटेन ने अपने डेयरी उत्पादों के लिए बाजार में पहुंच की मांग की है। भारत ने अभी डेयरी क्षेत्र तक ब्रिटेन को पहुंच नहीं दी है।

## दुग्ध किसानों पर संकट का भय

भारतीय दुग्ध किसानों का कहना है कि सस्ते आयात से स्थानीय उत्पादकों की आजीविका प्रभावित हो सकती है। सुनने में यह आकर्षक लगता है, खासकर जब 99 फीसदी भारतीय निर्यातों को ब्रिटिश बाज़ार में ड्यूटी-फ्री प्रवेश और 90 फीसदी ब्रिटिश आयातों पर औसत शुल्क 15 फीसदी से घटाकर तीन फीसदी किया गया है। लेकिन क्या यह व्यापार को वास्तव में पांच साल में दोगुना करने के लिए पर्याप्त है? व्यापार के आंकड़े कुछ और ही कहते हैं वित्त वर्ष-23 में व्यापार में वृद्धि, 16.8 फीसदी, वित्त वर्ष-24 में गिरावट 4.8 फीसदी, वित्त वर्ष-25 में मामूली सुधार 8.5 फीसदी सेवा क्षेत्र के व्यापार के आंकड़े तो मौजूद ही नहीं हैं, ऊपर से अमेरिका द्वारा शुरू किए गए टैरिफ युद्ध ने वैश्विक व्यापार को पहले ही संकट में डाल दिया है।

# बॉक्सिंग में महिला खिलाड़ियों ने जमकर चलाए पंच, चैंपियनशिप का आज होगा समापन

**लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा रहे मुख्य अतिथि, गांव गंगवा में इस आयोजन के लिए आभार जताया**

**प्रतिभागियों को सभी सुविधा प्रदान करने के लिए मंजीत लोहान बॉक्सिंग क्लब का आभार प्रकट किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

- तीसरी सब जूनियर बॉयज एवं गर्ल्स हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप
- हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 में भाग ले रहे सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी

हरियाणा बॉक्सिंग संघ के तत्वावधान में नजदीकी गांव गंगवा स्थित मंजीत लोहान बॉक्सिंग क्लब में में चल रही तीसरी सब जूनियर बॉयज़ एवं गर्ल्स हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप के तीसरे दिन शनिवार को महिला खिलाड़ियों ने जमकर पंच चलाए। प्रतियोगिता का समापन 27 जुलाई को होगा। प्रतियोगिता के तीसरे दिन लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने अपने पैतृक गांव गंगवा में इस आयोजन के लिए आभार जताया और प्रतिभागियों को सभी सुविधा प्रदान करते के लिए मंजीत लोहान बॉक्सिंग क्लब का आभार प्रगट किया। उन्होंने हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 में भाग ले रहे सभी सब-जूनियर खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी देश का भविष्य हैं। खेलों में आपका जोश, अनुशासन और समर्पण प्रेरणादायक है।



हिसार। लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा को स्मृति चिन्ह देते आयोजक। फोटो : हरिभूमि





हिसार। बॉक्सिंग रिंग में दमखम दिखाई मुक्केबाज। फोटो : हरिभूमि

### आयोजकों ने जताया आभार

*प्रतियोगिता आयोजकों ने मंत्री गंगवा का धन्यवाद करते हुए कहा कि हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 के सफल आयोजन में उनका सहयोग अत्यंत सराहनीय रहा। उनके मार्गदर्शन, समर्थन और खेलों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण के लिए आयोजन समिति उनकी आभारी है।*


### ये रहे कार्यक्रम में उपस्थित

*इस मौके पर हिसार बॉक्सिंग एसोसिएशन के प्रधान भगत सिंह हरियाणा, बॉक्सिंग संघ के डायरेक्टर एडमिन ओमवीर हुड्डा, कंपीटीशन चेयरमैन अजमेर सिंह, उपप्रधान एडवोकेट मनोज कुश, उपप्रधान सुभाष, ऑर्गनाइजर विकास लोहान, नरेश वालिया, सुनील राणा, अनिल नैन, विकास इंदौरा व मेवा सिंह सहित कई अन्य कोच व पदाधिकारी मौजूद रहे।*

### तीसरे दिन के ये रहे परिणाम

*प्रतियोगिता के दौरान शनिवार को सोनीपत की आस्था ने पानीपत की कनिका को, रोहतक की कोमल ने जींद की नेहा को, भिवानी की राजू ने पानीपत की किरण को, रोहतक की दीक्षा ने फतेहाबाद की खुशी को तथा पानीपत की गरिमा ने झज्जर की तनवी को पराजित करके अपने-अपने भारवर्ग के मुकाबले जीते। इसी तरह साई भिवानी की भूमिका ने भिवानी की वासु को, हिसार ए की तमन्ना ने करनाल की मिसती रावल को, कैथल की अंतिम राविश ने रेवाड़ी की गुंजन को, साई हिसार की सृष्टि ने भिवानी की सोनिका को, कुरूक्षेत्र की धुव्रिका ने चंडीगढ़ की प्रियंका को, भिवानी की प्रिया ने हिसार ए की अंजलि को, हिसार ए की यंशिका ने रोहतक की काफी को हराया। मुकाबलों की कड़ी में कैथल की मानसी ने पलवल की लक्की को, मेवात की प्रिसिं ने झज्जर की मोनिका को, पानीपत की कृषका ने करनाल की सुहाना को, सोनीपत की अंशु ने जींद की पायल को, हिसार ए की माही पूनिया ने पानीपत की नविता को, चंडीगढ़ की तनवी ने करनाल की हिमाक्षी को, पानीपत की खुशी ने हिसार ए की कनिका को पराजित किया। इसी तरह 58 से 61 किलोग्राम में हिसार की आरजू विजयी रही। मुकाबलों के चलते सोनीपत की सुनाना ने पलवल की मानसी को, साई भिवानी की सृष्टि ने रोहतक की खुशी को व 61 वे 64 किलोग्राम में भिवानी की जिविका ने बाजी मारी। फतेहाबाद की सुमन रानी ने झज्जर की सान्वी मलिक को, सोनीपत की समिक्षी ने पंचकूला की परनीत नैन को, चंडीगढ़ की वंशिका ने गुरुग्राम की आशिमा बागड़ी को तथा कैथल की मानवी ने अंबाला की समीक्षा को पराजित किया।*

## खबर संक्षेप



### रिदम ममानिया ने रोलर स्केटिंग में जीता स्वर्ण

**मुंबई।** भारत की 13 वर्षीय रिदम ममानिया ने दक्षिण कोरिया में आयोजित एशियाई रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में एकल फ्री डांस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। इस प्रतियोगिता के 20वें सत्र का आयोजन दक्षिण कोरिया के जेचियन शहर में हो रहा है, जहां छह बार की राष्ट्रीय चैंपियन रिदम ने देश का नाम रोशन किया। रिदम ने इस साल की शुरुआत में ताइवान में हुई आर्टिस्टिक रोलर स्केटिंग ओपन प्रतियोगिता में भी स्वर्ण पदक जीता था। मुंबई की खिलाड़ी ने चार साल की उम्र से स्केटिंग करना शुरू कर दी थी। रिदम का लक्ष्य अब ब्रिसबेन में होने वाले पैसिफिक कप में भाग लेना है।

### सीनियर ओपन में अटवाल, जीव और ज्योति ने हासिल किया कट



**सनिंगडेल (ब्रिटेन)।** अर्जुन अटवाल, जीव मिल्खा सिंह और ज्योति रंधावा की भारतीय गोल्फ तिकड़ी ने आईएसपीएस हांडा सीनियर (50 साल से अधिक) ओपन में कट हासिल कर इतिहास रच दिया। यह पहली बार है जब तीन भारतीय खिलाड़ियों ने किसी मेजर (गोल्फ के शीर्ष स्तर का टूर्नामेंट) में एक साथ कट हासिल किया है। शुरुआती दिन 67 का कार्ड खेलने वाले अटवाल दूसरे दिन दो ओवर 72 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 36वें स्थान पर है। जीव (71-69) संयुक्त 49वें स्थान पर है जबकि रंधावा (70-71) एक ओवर के स्कोर के साथ कट में जगह बनाने में सफल रहे। इस प्रतियोगिता का कट एक ओवर का रहा।

### दूसरे छोर से मदद मिलने पर अधिक सफल रहते बुमराह

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर जोनाथन ट्रॉट का मानना है कि भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह दूसरे छोर से मदद मिलने पर अधिक सफल रहते हैं। पांच मैचों की श्रृंखला में 1-2 से पिछड़ रही भारतीय टीम चौथे टेस्ट के तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक इंग्लैंड से 186 रन पीछे है। बुमराह को अभी तक इस मैच में सफलता हासिल करने के लिए जूझना पड़ा है। ट्रॉट ने कहा, 'बुमराह ने अच्छी गेंदबाजी की और उनके इकोनॉमी रेट से भी इसका पता चलता है। बस किस्मत ने उनका थोड़ा साथ नहीं दिया। असल में मुद्दा दोनों छोर से दबाव बनाने का है।' उन्होंने कहा, 'बुमराह को जब दूसरे छोर से सहयोग मिलता है तो वह काफी सफल रहते हैं और शुक्रवार ऐसा नहीं था। जब आप गेंदबाजी इकाई के रूप में थोड़ा कमजोर होते हैं तो दोनों छोर से दबाव बनाना महत्वपूर्ण हो जाता है।

**चौथा टेस्ट : इंग्लैंड ने पहली पारी में बनाया 669 रन का बड़ा स्कोर**

# गिल और राहुल के अर्धशतकों से भारत को उम्मीद बंधी, दो विकेट पर 174 रन

एजेंसी ▶▶ मैनचेस्टर

कप्तान शुभमन गिल और केएल राहुल ने शनिवार को यहां भारत को शुरुआती झटकों से उबारकर शानदार जज्बे और संयम का प्रदर्शन करते हुए नाबाद अर्धशतक जड़े जिससे मेहमान टीम ने चौथे टेस्ट मैच के चौथे दिन स्टंप तक दो विकेट पर 174 रन बना लिए। गिल 78 और राहुल 87 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 174 रन की अटूट साझेदारी कर अंतिम दोनों सत्र में कोई विकेट नहीं गिरने दिया। भारत अब इंग्लैंड से 137 रन पीछे है। कप्तान बेन स्टोक्स (141 रन) के शानदार शतक की बदौलत इंग्लैंड ने सुबह के सत्र में पहली पारी में 669 रन का स्कोर खड़ाकर 311 रन की विशाल बढ़त हासिल की। इसके बाद भारत को लंच से पहले 20 मिनट तक बल्लेबाजी करनी पड़ी जिसमें दूसरी पारी में उसकी शुरूआत निराशाजनक रही। भारत ने पहले ही ओवर में लगातार दो गेंदों पर यशस्वी जायसवाल और बी साई सुदर्शन के विकेट गंवा दिए जबकि तब टीम का खाता भी नहीं खुला था। इससे लंच के समय टीम का स्कोर एक रन पर दो विकेट था। क्रिस वोक्स की 'राउंड द विकेट' गेंद जायसवाल के बल्ले का बाहरी किनारा लेते हुए पहली स्लिप में जो रूट के हाथों में चली गई। अगली ही गेंद पर सुदर्शन गेंद छोड़ने और खेलने की दुविधा में दूसरी स्लिप में हैरी ब्रुक को कैच करा बैठे। इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों ने भारतीयों की तुलना में पिच से कहीं ज्यादा फायदा उठाया। पर गिल और राहुल ने बेहतरीन तकनीक दिखाते हुए संयम से खेलना जारी रखते हुए भारतीय पारी को संभालकर अंतिम दिन के लिए उम्मीद बंधाई।



### बुमराह ने 33 ओवर में दिए 112 रन

बुमराह ने 33 ओवर में पांच मेडन से 112 रन देकर दो विकेट झटके। उनके अभूतपूर्व टेस्ट करियर में पहली बार हुआ कि उन्होंने 100 या इससे ज्यादा रन दिए। स्टोक्स (141 रन, 198 गेंद) ने 77 रन से आगे खेलते हुए दिन की शुरुआत सिराज की गेंद पर आगे बढ़कर कवर क्षेत्र में शॉट लगाकर की। उन्होंने सिराज की गेंद पर लेग साइड में चौका लगाकर इस मैच में शतक और पांच विकेट लेने की उपलब्धि हासिल की। स्टोक्स ने दो साल बाद शतक जड़ा है, जो उनके लिए बहुत मायने रखता है।

### स्टोक्स ने पूरे किए 7 हजार रन

जब स्टोक्स ने वाशिंगटन सुंदर की गेंद पर छक्का जड़ा तो वह जाक कैलिस और सर गैरी सोबर्स के बाद 7000 रन और 200 विकेट पूरे करने वाले तीसरे क्रिकेटर बन गए। इंग्लैंड ने जहां आसानी से बाउंड्री लगाई तो 2014 के बाद यह पहली बार था जब भारत ने एक पारी में 600 रन दिए।

### स्मिथ ने कहा- एशेज में नहीं मिलेगी सपाट पिचें

**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने कहा है कि इंग्लैंड के बल्लेबाज भले ही घरेलू मैदान पर काफी सपाट पिचों पर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं



लेकिन इस साल के अंत में होने वाली एशेज श्रृंखला में बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम को अलग तरह की चुनौती का सामना करना होगा। भारत-इंग्लैंड के बीच चल रही टेस्ट श्रृंखला में विकेट बल्लेबाजों के लिए अनुकूल रहे हैं और स्मिथ का मानना है कि इंग्लैंड के बल्लेबाजों को इस तरह की पिचों पर खेलने का अधिक आदी नहीं होना चाहिए। मौजूद श्रृंखला में दोनों टीमें कम से कम एक बार एक पारी में 500 से अधिक रन बनाने में सफल रही हैं और उन्होंने लगातार 400 से अधिक रन बनाए हैं।

**टेनिस**

# डीसी ओपन : सेमीफाइनल में पहुंची एम्मा और लेयला



एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

एम्मा रादुकानू ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए मारिया सकारी को 6-4, 7-5 से हराकर डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

ब्रिटेन की इस खिलाड़ी ने 2021 में अमेरिकी ओपन का खिताब जीतने के बाद पहली बार किसी बड़े टूर्नामेंट के अंतिम चार में जगह बनाई। रादुकानू ने दूसरे सेट में 5-2 से पिछड़ने के बाद मैच के आखिरी पांच गेम जीतकर अंतिम चार में अपनी जगह पक्की की जहां उनका सामना अन्ना कालिंस्काया से होगा, जिन्होंने क्लारा टॉसन को 6-3 7-5 से हराया। महिला वर्ग में 2021 के अमेरिकी ओपन की उप विजेता लेयला फर्नांडीज ने भी क्वालीफायर टेलर टाउनसेंड को 6-4, 7-6(4) से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। फर्नांडीज का अगला मुकाबला 2022 की विंबलडन चैंपियन एलेना रयबाकिना से होगा, जिन्होंने मैग्डानेला फ्रेच को 6-3, 6-3 से हराया। मैग्डानेला फ्रेच ने इससे पहले गुरुवार को वीनस विलियम्स को हराया था।

### शेल्टन लगातार दूसरे साल सेमीफाइनल में पहुंचे

*पुरुष वर्ग में अमेरिका के बेन शेल्टन लगातार दूसरे साल डीसी ओपन के सेमीफ़ाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में हमवतन फ्रांसिस टियाफ़ो को 7-6(2) 6-4 से हराया। एलेक्स डी मिनौर और कोरेंटिन मौटेट भी सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं, जहां उनका आमना सामना होगा। डी मिनौर ने ब्रैंडन नाकाशिमा को 6-4, 6-4 से और मौटेट ने 2021 के अमेरिकी ओपन चैंपियन दानिल मेदवेदेव को 1-6, 6-4, 6-4 से हराया।*

**महिला स्कॉटिश ओपन गोल्फ**

## दीक्षा कट में पहुंचने वाली एकमात्र भारतीय

नॉर्थ आयशर (स्कॉटलैंड)। दीक्षा डागर संयुक्त रूप से 59वें स्थान के साथ 2025 आईएसपीएस हांडा महिला स्कॉटिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के कट



में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय रही। दीक्षा ने पार-72 के कोर्स पर दूसरे दिन चार ओवर 76 का कार्ड खेल कुल एक ओवर के स्कोर के साथ कट में प्रवेश किया। कट में कुल 71 खिलाड़ियों ने जगह बनाई। दीक्षा ने पहले दिन तीन अंडर 69 के कार्ड के साथ अच्छी शुरुआत की थी लेकिन दूसरे दिन लय बरकरार नहीं रख सकी। पेशेवर गोल्फ में पदार्पण कर रही इंग्लैंड की लॉटी वोड दूसरे दिन 65 का कार्ड खेलने के बाद कुल 12 अंडर के स्कोर के साथ तालिका में शीर्ष पर है।

## एशिया कप का आयोजन 9 से 28 सितंबर तक यूएई में, भारत बनाम पाक मैच 14 और 21 सितंबर को

**कराची/नई दिल्ली।** एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने शनिवार को घोषणा की कि पुरुषों का एशिया कप नौ से 28 सितंबर तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में आयोजित किया जाएगा। पीटीआई को मिले शुरुआती कार्यक्रम के अनुसार भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित ग्रुप चरण मैच रविवार (14 सितंबर) को दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में होगा। भारत और पाकिस्तान की टीमें एक ही ग्रुप में है और इन दोनों टीमों के अगले रविवार (21 सितंबर) को फिर से सुपर फोर मैच में आमने सामने होने की संभावना है। भारत अपने अभियान की शुरुआत 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ करेगा और उसके सभी मैच दुबई में खेले जाने की संभावना है। भारत, पाकिस्तान, यूएई और ओमान को ग्रुप ए में रखा गया है जबकि श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हांगकांग ग्रुप बी में हैं। एसीसी 19 मैचों के इस टूर्नामेंट के लिए 17 सदस्यीय टीम को अनुमति देगा तथा इसके मैच दुबई और अबुधाबी में खेले जाएंगे। एसीसी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा, "संयुक्त अरब अमीरात में एसीसी पुरुष टी20 एशिया कप 2025 की मेजबानी से पूरे एशिया के प्रशंसकों को एक ऐसे माहौल में एक साथ आने का मौका मिलेगा जो हमारे क्षेत्र की अविश्वसनीय विविधता को दर्शाता है।

## रोहित और मिलर के बाद टिम डेविड ने लगाया तीसरा सबसे तेज शतक, 37 गेंद में बनाई संचुरी



**बासेटेरे (सेंट किट्स)।** टिम डेविड ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आस्ट्रेलिया की तरफ से सबसे तेज शतक बनाया, जिससे उनकी टीम ने पांच मैचों की श्रृंखला के तीसरे मैच में वेस्टइंडीज को छह विकेट से हराकर श्रृंखला अपने नाम कर ली। टिम ने सिर्फ 37 गेंदों में 11 छक्कों की मदद से नाबाद 102 रन बनाए। भारत के रोहित शर्मा और दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर ही उनसे आगे हैं। इन दोनों ने 2017 में 35 गेंदों में शतक लगाया था। पिछले साल स्कॉटलैंड के खिलाफ जोश इंग्लिस के बनाए गए 43 गेंदों पर शतक के रिकॉर्ड को भी टिम डेविड ने तोड़ दिया।

- 11 छक्कों की मदद से बनाए नाबाद 102 रन, जोश इंग्लिस के 43 गेंदों पर शतक के रिकॉर्ड को तोड़ा
- आस्ट्रेलिया ने 5 मैचों की टी20 सीरीज के तीसरे मैच में वेस्टइंडीज को 6 विकेट से हराया, शृंखला की अपने नाम

**बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप**

# तन्वी और वेन्नाला का शानदार प्रदर्शन, कांस्य पदक किया अपने नाम

**टूर्नामेंट में पहली बार भारत की दो खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत वर्ग में जीते पदक**

एजेंसी ▶▶ सोलो (इंडोनेशिया)

उभरती शटलर तन्वी शर्मा और वेन्नाला कलागोटला ने बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप के व्यक्तिगत मुकाबलों में कांस्य पदक जीत कर अपने शानदार अभियान का अंत किया। इस प्रतियोगिता में यह पहला अवसर है जबकि भारत की दो खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत वर्ग में पदक जीते।



**वेन्नाला ने चीन की लियू के सामने पेश की कड़ी चुनौती**

वेन्नाला ने चीन की लियू सी या के सामने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन आखिर में उन्हें 37 मिनट तक चले मैच में 15-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे गेम में 15-20 से पिछड़ने के बाद तीन मैच प्वाइंट बचाकर वापसी की उम्मीदें जगाईं, लेकिन इसके बाद वह गलती कर बैठी, जिसका फायदा उठाकर लियू ने सीधे गेम में मुकाबला अपने नाम कर लिया।

### तन्वी शर्मा ने किया प्रभावशाली प्रदर्शन

एक अन्य मैच में दूसरी वरीयता प्राप्त तन्वी शर्मा को चीन की आठवीं वरीयता प्राप्त यिन यी किंग से 35 मिनट में 13-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। तन्वी ने पहला गेम हारने के बाद दूसरे गेम में वापसी करते हुए 6-1 की बढ़त बना ली। यिन ने हालांकि वापसी करते हुए स्कोर 8-8 से बराबर किया और फिर बढ़त बनाते हुए जीत हासिल कर ली। तन्वी के लिए यह एक और प्रभावशाली प्रदर्शन था। वह पिछले महीने यूएस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में उपविजेता रही थीं।

## तीरंदाज जाधव को गोल्ड मेडल चित्रावेल ने त्रिकूद में रजत जीता

भाषा ▶▶ राइन-रूहर, ईसेन (जर्मनी)

साहिल जाधव ने दबाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों के कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में शनिवार को यहां स्वर्ण पदक जीता, जिससे भारतीय तीरंदाजों ने विश्व विश्वविद्यालय खेलों (डब्ल्यूयूजी) के तीरंदाजी स्पर्धा में पांच पदकों के साथ अभियान समाप्त किया। इससे पहले परनीत कौर महिला कंपाउंड के रोमांचक फाइनल में दक्षिण कोरिया की मून यीउन के खिलाफ दबाव में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में नाकाम रही और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इन दोनों के अलावा भारत ने कंपाउंड तीरंदाजों ने मिश्रित टीम स्वर्ण, पुरुषों की टीम रजत, महिलाओं की टीम कांस्य के साथ रिकर्व तीरंदाजों के निराशाजनक प्रदर्शन की काफी हद तक भरपाई भी कर दी। वहीं भारत के 24 वर्षीय एथलीट प्रवीण चित्रावेल ने अपने दूसरे प्रयास में 16.66 मीटर की शानदार छलांग लगाकर त्रिकूद में रजत पदक जीता और इस तरह इस प्रतिष्ठित स्पर्धा में देश के पदकों की संख्या दो स्वर्ण, तीन रजत और तीन कांस्य पदकों तक पहुंचा दी। भुवनेश्वर का यह एथलीट ऑस्ट्रेलिया के कॉनर मर्फी से पीछे रहा जिन्होंने 16.77 मीटर की इस सत्र की सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाई। भारत अपने पदकों की संख्या में और सुधार कर सकता है क्योंकि पुरुष और महिला दोनों चार गुणा 400 मीटर रिले टीमों ने भी फाइनल के लिए क्वालीफाई करके शानदार प्रदर्शन किया है।

## खबर संक्षेप

### मोदी ने तमिलनाडु में 4,900 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन व लोकार्पण किया

तूतीकोरिन (भाषा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को तमिलनाडु में 4,900 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण किया। ये परियोजनाएं तमिलनाडु में हवाई अड्डे, राजमार्गों, रेलवे, बंदरगाह और बिजली से संबंधित हैं। जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया उनमें 17,000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला नया अत्याधुनिक टर्मिनल भवन भी शामिल है। इस मौके पर तमिलनाडु के वित्त मंत्री थंगम थेनारासु ने प्रधानमंत्री को चेन्नई के प्रतिष्ठित वल्लुवर कोट्टम की प्रतिकृति, एक स्मृति चिह्न भेंट किया। इस अवसर पर समाज कल्याण मंत्री पी. गीता जीवन, लोकसभा सदस्य कनिमोई और वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

### 5 घंटे चली मुठभेड़ में तीन उग्रवादी हुए ढेर

रांची। झारखंड के गुमला जिले में पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन झारखंड जन मुक्ति परिषद के तीन उग्रवादियों को ढेर कर दिया है। पुलिस और उग्रवादियों के बीच करीब पांच घंटे तक मुठभेड़ चली। इस मुठभेड़ में पुलिस ने इनामी नक्सली दिलीप लोहरा को भी ढेर कर दिया है। साथ ही पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। गुमला के एसपी को जेजेएमपी के कमांडर के इलाके में मौजूद होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद टीम का गठन कर घेराबंदी शुरू कर दी गई थी।



### पेरू में बस पलटी, 18 की मौत, 48 घायल

लीमा (पेरू)। पेरू में लीमा से अमेजन क्षेत्र जा रही एक बस एंडीज पर्वतमाला में एक राजमार्ग पर पलट गई जिससे कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई और 48 अन्य लोग घायल हो गए। प्राधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जूनिन के स्वास्थ्य निदेशक क्लिफोर क्यूरीपाको ने संवाददाताओं को बताया कि 'एक्सप्रेसो मोलिना लिडर इंटरनेशनल' कंपनी की एक 'डबल-डेकर' बस जूनिन क्षेत्र के पाल्का जिले में सड़क से फिसलकर एक ढलान से नीचे गिर गई।

## भारत-यूके एफटीए: ऐतिहासिक व्यापार समझौता

# पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत का बढ़ रहा वैश्विक कद: पीयूष गोयल

पीएम मोदी की वैश्विक लोकप्रियता के चलते 27 देशों से मिला सर्वोच्च सम्मान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कारगिल विजय दिवस, भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वैश्विक लोकप्रियता जैसे अहम मुद्दों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह दिन भारत के लिए गौरव और आत्मबल का प्रतीक है, जब हमारे बहादुर जवानों ने दुश्मनों को करारा जवाब दिया था। गोयल ने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारत की उस वीरगाथा की याद दिलाता है, जब सेना ने दुर्गम पहाड़ियों पर चढ़कर दुश्मनों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया था। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व को याद करते हुए कहा कि उस दौर में भारत ने अपनी जमीन की रक्षा के लिए कड़ा संदेश दिया था।



■ एमएसएमई और क्लस्टर आधारित उद्योगों को फायदा

अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भी यही नीति जारी है, जो देश की एकता और अखंडता को चुनौती देगा, उसे सख्त जवाब मिलेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पीयूष गोयल ने बताया कि हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) हुआ है, जो अब तक का भारत का सबसे बड़ा और व्यापक समझौता है। इससे फार्मा, वस्त्र, रत्न-आभूषण, खाद्य प्रसंस्करण, एमएसएमई और टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में निर्यात के नए अवसर खुलेंगे। यह समझौता भारतीय उत्पादों को ब्रिटेन के बाजार में मजबूत प्रतिस्पर्धा देने में मदद करेगा। पीयूष गोयल ने एक हालिया सर्वे का हवाला देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में पहले स्थान पर आए हैं। उन्होंने कहा कि 27 देशों ने प्रधानमंत्री को सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा है, जो भारत की वैश्विक स्वीकार्यता और नेतृत्व क्षमता का प्रतीक है।

### मालदीव के स्वतंत्रता दिवस में मुख्य अतिथि बने पीएम

*मालदीव के स्वतंत्रता दिवस समारोह में भारत के प्रधानमंत्री ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। राजधानी माले के प्रतिष्ठित 'रिपब्लिक स्क्वायर' में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। समारोह के दौरान प्रधानमंत्री मोदी मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू के साथ खड़े दिखे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान कई नेताओं से मुलाकात की है, जिसमें उपराष्ट्रपति उज हुसैन मोहम्मद लतीफ और पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद भी शामिल हैं। उपराष्ट्रपति लतीफ और प्रधानमंत्री मोदी के बीच बुनियादी ढांचे, तकनीक और ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, हमारे देश बुनियादी ढांचे, तकनीक, जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा और अन्य क्षेत्रों में मिलकर काम कर रहे हैं। यह हमारे लोगों के लिए काफी फायदेमंद है। हम इस साझेदारी को आगे और मजबूत करना चाहते हैं। राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने एक्स पर पोस्ट कर प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद किया है।*



*उन्होंने लिखा, 'मैं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मालदीव की राजकीय यात्रा पर आने के लिए दिल से धन्यवाद देता हूं. हमारे बीच कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सार्थक बातचीत हुई। हमने 4 समझौता ज्ञापनों और 3 महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर होते देखे, और मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने की घोषणा भी की।*

### एफटीए ने खोले नए अवसर

*केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और यूनाइटेड किंगडम (यूके) के बीच हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) से भारत को व्यापक आर्थिक लाभ मिलेगा। यह केवल व्यापारिक साझेदारी नहीं, बल्कि समृद्धि का साझा रोडमैप है। समझौते के तहत 95% भारतीय कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात को ब्रिटेन में ड्यूटी-फ्री पहुंच मिलेगी। साथ ही, भारतीय डेयरी क्षेत्र को संरक्षण दिया गया है और उस पर पूर्व की तरह शुल्क जारी रहेगा, जिससे किसानों और पशुपालन को नुकसान नहीं पहुंचेगा। यूके संसद की मंजूरी के बाद यह समझौता प्रभावी होगा। एफटीए के तहत विशेष रूप से भारत के क्लस्टर आधारित उद्योगों जैसे मुरादाबाद (पीतल), कानपुर (चमड़ा), तिरुपुर (वस्त्र), सूरत (हीरा व वस्त्र) और कोच्चि (सीफूड) जैसे क्षेत्रों को सीधे लाभ मिलेगा। पीयूष गोयल ने बताया कि सरकार इन क्षेत्रों के निर्यातकों की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए विशेष प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध कराएगी।*

## शिया और सुन्नी का हो सकता है विवाद

# ईरान की अदालत में बंदूकधारियों के हमले से 6 की मौत, 20 घायल

एजेंसी ▶▶ तेहरान

अज्ञात हमलावरों ने शनिवार को दक्षिण-पूर्वी ईरान की एक अदालत की इमारत पर बंदूक और ग्रेनेड से हमला किया, जिसमें एक बच्चे सहित छह लोगों की मौत हो गई और 20 घायल हो गए, राज्य टीवी ने बताया। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के अशांत दक्षिणी प्रांत सिस्तान और बलूचिस्तान में हुई सशस्त्र झड़प में सुरक्षा बलों ने तीन बंदूकधारियों को मार गिराया।

रिपोर्ट में किसी भी पीड़ित की पहचान नहीं बताई गई है। सरकारी टीवी ने बताया कि हमला प्रांत की राजधानी जाहेदान में हुआ। पुलिस और सुरक्षा बलों ने राजधानी तेहरान से 1,130 किलोमीटर या 700 मील दक्षिण-पूर्व में स्थित घटनास्थल पर तुरंत नियंत्रण कर लिया।



### आतंकी और ड्रग तस्करों से होती रही है झड़प

सुरक्षा बलों के करीबी माने जाने वाले अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी की रिपोर्ट ने इस हमले के लिए आतंकवादी समूह जैश अल-अदल को जिम्मेदार ठहराया है, जो ईरान के पूर्वी सिस्तान और पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांतों की आजादी चाहता है। अफगानिस्तान और पाकिस्तान की सीमा से लगा यह प्रांत, आतंकवादी समूहों, सशस्त्र ड्रग तस्करों और ईरानी सुरक्षा बलों के बीच कभी-कभी घातक झड़पों का स्थल रहा है। यह क्षेत्र ईरान के सबसे पिछड़े इलाकों में गिना जाता है और यहां के ज्यादातर लोग सुन्नी मुसलमान हैं। जबकि, ईरान में शासन शिया धर्मगुरुओं के हाथ में है। इसी वजह से सरकार और स्थानीय लोगों के तनाव बना रहता है।

### हमले के पीछे किसका हाथ?

सेमी-ऑफिशियल समाचार एजेंसी तस्नीम ने इस हमले के पीछे 'जैश अल-अदल' नाम के आतंकवादी संगठन का हाथ बताया है। यह संगठन ईरान के सिस्तान और पाकिस्तान के बलूचिस्तान क्षेत्र को अलग-अलग करना चाहता है। सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत अफगानिस्तान और पाकिस्तान की सीमा से सटा हुआ है और वहां पहले भी कई बार हिंसक घटनाएं हो चुकी हैं। इस इलाके में सुरक्षाबलों, मादक पदार्थ तस्करों और आतंकी संगठनों के बीच झड़पें होती रहती है।

## मणिपुर के 5 जिलों में मिला विस्फोटक

# जवानों ने 90 हथियार और 728 गोला-बारूद जब्त कए



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मणिपुर के पांच जिलों में सुरक्षा बलों ने शनिवार को 90 हथियार और 700 से अधिक गोला-बारूद एवं विस्फोटक जब्त किए। पुलिस ने एक बयान में यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, गुप्त सूचना के बाद इंफाल पूर्व, इंफाल पश्चिम, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर समेत 5 जिलों में एक साथ समन्वित खोज अभियान शुरू किया गया। अभियान में मणिपुर पुलिस, सीआरपीएफ, बीएसएफ, सेना और असम राइफल्स की संयुक्त टीम शामिल रही। इस अभियान के दौरान 90 हथियार जब्त किए गए। इनमें एके सीरीज के तीन, एक एम16 राइफल, पांच इंसास राइफल, एक इंसास एलएमजी, एक एसएलआर, 20 पिस्तौल, चार कार्बाइन, सात .303 राइफल और आठ अन्य राइफल शामिल हैं।

## राष्ट्रीय सुरक्षा बैठक में शाह के निर्देश

# आतंकी संचार और नशे की समस्या पर लगाएंगे लगाम

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आतंकवादी समूहों द्वारा एन्क्रिप्टेड संचार प्लेटफॉर्मों का इस्तेमाल करने पर चिंता जताई और साथ ही इस समस्या से निपटने एक विशेष मंच स्थापित करने के निर्देश दिए ताकि आतंकी संगठनों के सोशल मीडिया के जरिए खुफिया संचार पर लगाम कसी जा सके। शाह ने भगोड़ों को वापस लाने के लिए भी एक मजबूत तंत्र और बेहतर समन्वय स्थापित करने की अपील की। शाह ने नई दिल्ली में 2 दिवसीय अर्वे राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में ये बातें कहीं। इसमें देशभर से 800 के करीब अधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें से कुछ भौतिक तो कुछ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े थे। इस सम्मेलन में राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर विचार विमर्श किया गया। पहले दिन राष्ट्र के हितों के खिलाफ रहने वाले बाहरी तत्वों की भूमिका और मादक पदार्थों के व्यापार में उनकी संलिप्तता सहित उनके घरेलू संबंधों के मुद्दे पर मंथन हुआ। इनमें एन्क्रिप्टेड संचार एप्स और अन्य नई तकनीकों के गलत इस्तेमाल से पैदा हुई चुनौतियों पर बात हुई।



## यूएस के बैन के बाद तस्करों ने किया कारनामा!

# तस्करों ने चीन को बेच डाले 1 अरब डॉलर के एआई चिप

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका की ओर से चिप निर्यात पर नियंत्रण कड़ा करने के बाद तीन महीनों में तस्करों ने कम से कम 1 अरब डॉलर के एनवीडिया के उन्नत एआई चिप्स चीन को बेच दिए। माना जा रहा है कि यह तस्करी थाईलैंड के रास्ते की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि एनवीडिया के उच्च-स्तरीय बी-200 प्रोसेसर, जिनकी चीन में बिक्री पर प्रतिबंध है, वहां के काला बाजार में व्यापक रूप से उपलब्ध हैं। रिपोर्ट्स में बिक्री अनुबंधों, कंपनी के दस्तावेजों और सौदों की प्रत्यक्ष जानकारी रखने वाले कई लोगों के हवाले से यह दावा किया गया है। उधर, तस्करी की खबरों के बाद दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी एनवीडिया ने डेटा केंद्रों में अनधिकृत चिप्स के इस्तेमाल के खिलाफ कड़ी चेतावनी जारी की है। तस्करी की खबरों के बाद कंपनी ने बयान जारी कर कहा है कि अवैध तरीके से ऐसे चिप्स खरीदना तकनीकी और आर्थिक दोनों ही दृष्टि से 'घाटे का सौदा' है।



### सरकार ने इस मामले पर टिप्पणी नहीं की

एनवीडिया ने कहा है कि डेटासेंटरों को सर्विस की जरूरत होती है, जो हम केवल अधिकृत एनवीडिया उत्पादों को ही प्रदान करते हैं। सरकार ने इस मामले में फिलहाल टिप्पणी नहीं की है। कई वितरकों ने चीन के एआई समूहों को सेवा देने वाले वाले डेटा केंद्रों के आपूर्तिकर्ताओं को बी 200s बेचना शुरू कर दिया था। अमेरिका और चीन एआई व अन्य अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के बाजार में वैश्विक प्रभुत्व हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

## नई खरीद नीति से होगा समाधान

# राफेल लड़ाकू विमानों की संख्या घटाने की तैयारी में है भारत

नई दिल्ली (एजेंसी)। वायुसेना की जरूरतों को देखते हुए भारत अपने एमआरएफए (मल्टी रोल फाइटर एयरक्राफ्ट) प्रोग्राम में बड़ा बदलाव कर सकता है। एमआरएफए प्रोग्राम के तहत भारत ने 114 एडवांस लड़ाकू विमानों को खरीदने की योजना बनाई थी। लेकिन अब जबकि चीन के पास दो तरह के पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान हैं (जे-20, जे-35) और पाकिस्तान, चीन से जे-35 खरीदने वाला है, तो भारत अपनी स्ट्रैटजी में गंभीरता से बदलाव करने की सोच रहा है। भारत ने पहले एमआरएफए प्रोग्राम के लिए टेंडर निकालने का फैसला किया था। लेकिन अब भारत की रणनीति में बड़े बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक भारतीय रक्षा मंत्रालय अब टेंडर निकालने की जगह सरकार से सरकार स्तर पर लड़ाकू विमानों को खरीदने के लिए समझौता करने पर विचार कर रहा है।



# थाईलैंड-कंबोडिया संघर्ष पर दुनियाभर में चिंता

तनावपूर्ण हालात के बीच सीमावर्ती इलाकों की यात्रा करने से बचने की दी सलाह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते तीन दिनों से दक्षिण-पूर्व एशिया के दो देशों थाईलैंड और कंबोडिया के मध्य जारी संघर्ष के बीच भारत ने शनिवार को कंबोडिया में रहने वाले अपने नागरिकों को परामर्श जारी कर सीमावर्ती इलाकों की यात्रा न करने की अपील की है। कंबोडिया की राजधानी नोम पेन्ह में मौजूद भारतीय दूतावास ने अपनी एक्स पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी है। जिसमें बताया कि कंबोडिया और थाईलैंड की सीमा पर चल रहे संघर्ष के दौरान भारतीय नागरिकों को सरहदी इलाकों की यात्रा करने से बचने की सलाह दी जाती है। इसके अलावा किसी भी प्रकार की आपातकालीन परिस्थिति में देश के नागरिक नोम पेन्ह में भारतीय दूतावास से +85592881676 नंबर और ईमेल- cons.phnom-penh\@mea.gov.in पर संपर्क कर तुरंत सहायता प्राप्त कर सकते हैं।



### थाईलैंड में पहले दिया गया परामर्श

गौरतलब है कि संघर्ष के चलते बीते शुक्रवार को थाईलैंड में भी भारतीय दूतावास ने कंबोडिया जैसा ही एक परामर्श अपने नागरिकों के लिए जारी किया था। जिसमें कहा गया था कि थाईलैंड-कंबोडिया सीमा के करीब की स्थिति को देखते हुए थाईलैंड जाने वाले सभी भारतीय यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे टीएटी न्यूजरूम के साथ थाईलैंड के आधिकारिक स्रोतों से अपडेट की जांच करने और 7 प्रांतों की करीब 20 से अधिक जगहों की यात्रा न करें। जिनमें उबॉन राचाथानी, सुरिन, सिसाकेट, बुरिराम, सा केओ और त्राट मुख्य रूप से शामिल हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता बने, 75% अप्रूवल रेटिंग के साथ टॉप पर

यह रेटिंग उन्हें 20 देशों के शीर्ष नेताओं की सूची में सबसे ऊपर रखती है

**मोदी की लोकप्रियता का कारण उनकी मजबूत अंतरराष्ट्रीय छवि, निर्णय लेने की क्षमता और भारत के घरेलू और वैश्विक हितों पर आधारित स्पष्ट नीतियां**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर अपनी वैश्विक लोकप्रियता साबित करते हुए दुनिया के सबसे पसंदीदा नेता का स्थान हासिल किया है। बिजनेस इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स फर्म मॉर्निंग कंसल्ट के मुताबिक जुलाई 2025 में कराए गए एक अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षण में पीएम मोदी को 75 प्रतिशत 'अप्रूवल रेटिंग' मिली है। यह रेटिंग उन्हें 20 देशों के शीर्ष नेताओं की सूची में सबसे ऊपर रखती है। इस सर्वे में पीएम मोदी के बाद दूसरे स्थान पर दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-मयोंग रहे जिन्हें 59 प्रतिशत लोगों का समर्थन मिला। तीसरे नंबर पर अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिली को 57 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग मिली। चौथे स्थान पर कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी (56 प्रतिशत) और पांचवें स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बानीज (54 प्रतिशत) रहे।



बिजनेस इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स फर्म मॉर्निंग कंसल्ट का अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षण

### डोनाल्ड ट्रंप को केवल 44% लोगों ने समर्थन दिया

वहीं, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को केवल 44 प्रतिशत लोगों ने समर्थन दिया जबकि 50 प्रतिशत लोगों ने असहमति जताई। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा को 54 प्रतिशत नकारात्मक रेटिंग मिली। पोलैंड, बेल्जियम और स्विट्जरलैंड जैसे देशों में नेताओं की लोकप्रियता 50 प्रतिशत से भी कम रही। सबसे निचले स्थान पर ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा और नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गाहर स्टोरे रहे, जिन्हें 60 प्रतिशत से अधिक लोगों ने खारिज कर दिया। इस रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि पीएम मोदी के नेतृत्व को केवल 18 प्रतिशत लोगों ने नकारा और 7 प्रतिशत ने कोई राय नहीं दी। विशेषज्ञों का कहना है कि मोदी की लोकप्रियता का कारण उनकी मजबूत अंतरराष्ट्रीय छवि, निर्णय लेने की क्षमता और भारत के घरेलू और वैश्विक हितों पर आधारित स्पष्ट नीतियां हैं। यह रिपोर्ट इस बात का संकेत है कि भारत न केवल वैश्विक राजनीति में तेजी से उभर रहा है बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी स्वीकृति मिल रही है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25